**अनमोल वचन**

"जो लोग ठोकर खाकर भी चलते रहते हैं, वही एक दिन मंजिल पाते हैं।"

Supaul दस्तक NEWS

RNI NO. BHHIN/25/A5267

# सुपौल दस्तक मासिक अखबार

मासिक हिन्दी

website: https://www.supauldastaknews.com

ईमेल: rajeshkumarranjan4056@gmail.com



वर्षः- 1 अंकः- 4 सुपौल, माह अप्रैल, 2026 (प्रत्येक माह की 15 तारीख को जारी) पृष्ठः 8 मूल्यः 5/- रू.


## एक नजर

### चुनावी रंग में अंधे नहीं हो सकते, पश्चिम बंगाल वोटर लिस्ट मामले पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चिंता जताई और कहा कि मतदाताओं को मतदाता सूचियों में बने रहने का निरंतर अधिकार है और चुनाव कराने के दबाव में इस प्रक्रिया को विकृत नहीं किया जाना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ मतदाताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिनकी मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने के खिलाफ अपीलें अपीलीय न्यायाधिकरणों में लंबित हैं। याचिकाकताओं ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है और तर्क दिया है कि यदि उनकी अपीलें सफल होती हैं तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के अनुसार, मतदाता सूची को 9 अप्रैल से फ्रीज कर दिया गया है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि इन मतदाताओं के अधिकार स्थायी रूप से नहीं छिनेंगे, लेकिन क्या वे इस चुनाव में मतदान कर सकेंगे, यह अभी भी विचाराधीन है।

### मुख्यमंत्री ने पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिला के बकरपुर-मानिकपुर सड़क पर रूककर पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के प्रथम खण्ड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना के बारे में जानकारी देते हुये पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पटना से बेतिया को जोड़नेवाली इस ग्रीनफिल्ड परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इसके प्रथम खण्ड का निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पटना से बेतिया 3 घंटों में आसानी पहुँचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की यह एक प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजना है। इस सड़क के निर्माण से पटना से बेतिया जाना आसान हो जायेगा और कम समय में लोग बेतिया पहुँच सकेंगे।

इस ग्रीन फिल्ड प्रोजेक्ट के पूरा होने से अन्य मार्गों पर दबाव कम होगा। यह परियोजना वैशाली, सारण, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिलों को सीधा पटना से जोड़ेगा। इससे उत्तर बिहार के आर्थिक विकास में और तेजी आयेगी।

### महिला आरक्षण पर पीएम मोदी का बड़ा कदम, बोले- 16 अप्रैल से इतिहास रचने को तैयार संसद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है और संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र इसी महीने की 16 तारीख से आयोजित होने जा रहा है। मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17, 18 अप्रैल है। 2023 में नई संसद में हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम के रूप प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे।

# बिहार का नया सीएम कौन, आज उठेगा पर्दा

## शिवराज चौहान की अध्यक्षता में होगी बीजेपी की बड़ी बैठक



**संवाददाता**

**पटनाः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंगलवार को पटना में होने वाली विधायक दल की बैठक में बिहार के अगले मुख्यमंत्री के उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब नीतीश कुमार लगभग दो दशकों के कार्यकाल के बाद पद छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनके 14 अप्रैल को पटना पहुंचने की उम्मीद है।

नीतीश कुमार 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे अपनी अंतिम मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक के बाद, उनके इस्तीफे की संभावना है और वे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी होने से पहले, उनके जनता दल (यूनाइटेड) और एनडीए विधायक समूह के नेताओं से मिलने की भी उम्मीद है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भाजपा के नेतृत्व में अगली सरकार बनाएगा। यह पहली बार होगा जब बिहार में भाजपा का अपना मुख्यमंत्री होगा।

नए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस समारोह में शामिल होने की संभावना है। घोषणा से पहले एनडीए दलों के नेताओं ने विचार-विमर्श तेज कर दिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर बैठकें आयोजित की गईं। संजय कुमार झा और राजीव रंजन सिंह सहित जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं ने मंत्रिमंडल की संरचना और समन्वय पर चर्चा की।

## जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जनता दरबार में कुल 17 आवेदन पत्र लिए गए




आज दिनांक 13.04.2026 (सोमवार) को कार्यालय कक्ष में श्री सावन कुमार, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जनता दरबार में कुल 17 आवेदन पत्र लिए गए।

जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निदेशित किया गया।

## निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया



आज दिनांक 13.04.2026 को श्री सावन कुमार, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जिला अंतर्गत निर्माणाधीन बकौर-भेजा पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। उपस्थित संवेदक द्वारा अवगत कराया गया कि पुल के ऊपर से गुजर रहे ओवरहेड विद्युत तार के कारण बीच में आ रहे छह पिलरों का निर्माण एवं शिफ्टिंग आवश्यक था, जिसमें से चार पिलरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष दो पिलरों का निर्माण कार्य मई माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात विद्युत तार का शिफ्टिंग कार्य कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि शेष कार्य वर्ष के अंत तक पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

निरीक्षण के दौरान श्री शरथ आर०एस०, पुलिस अधीक्षक, सुपौल, श्री मनोहर कुमार साहू, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल सहित संबंधित संवेदक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं

**संवाददाता**

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संचार करता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है।


मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आगे कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और समर्पण की भावना से सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

## सुपौल में लगभग 200 साल पुराना पांडुलिपि प्राप्त हुआ










ज्ञान भारतम् मिशन विकसित भारत @2047 के तहत ज़िला पदाधिकारी सर, सुपौल एवं कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सुपौल के सराहनीय प्रयास से (सुखपुर ग्राम), सुपौल में लगभग 200 साल पुराना पांडुलिपि प्राप्त हुआ। अवलोकन के क्रम में पुराने समय का पलंग, पेंटिंग, एवं कई पांडुलिपि (तार पत्र पर लिखा) प्राप्त हुआ।

ज्ञान भारतम् मिशन का उद्देश्य- प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा कागज,भोजपत्र, ताड़पत्र ,कपड़े आदि में हस्तलिखित पांडुलिपियों के रूप में वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों के लिए अमूल विरासत है। पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन तथा इसमें समाहित भारतीय ज्ञान परंपरा को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने हेतु भारत सरकार के फ्लैगशिप पहल के रूप में "@ज्ञान भारतम् मिशन" का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोध विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। यह पांडुलिपियों वर्तमान पीढ़ी को उपलब्ध कराने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रखा जा सके। मिशन का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान के भंडार को संरक्षित करने, उनका संरक्षण एवं डिजिटलीकरण करते हुए उनमें निहित ज्ञान को अनुसंधान, अनुवाद एवं प्रकाशन के द्वारा विश्व पटल पर प्रस्तुत किया है जाना है।

मुख्य सचिव, बिहार सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री जी के साथ इस विषय पर चर्चा करते हुए उल्लेखित किया गया कि बिहार एक संपन्न राज है, यहां के लोकगीत परंपराओं और पांडुलिपियों को अगले पीढ़ी तक बचाए रखने हेतु उनके संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन अति आवश्यक है।

**भारत की जनगणना- 2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं आवास की गणना स्व गणना के माध्यम से 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक वेब पोर्टल से स्वयं कर सकेंगे। वहीं 02 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित 33 प्रश्नों की जानकारी लेंगे। बिहार के नागरिकों से अपील है कि पूछे गए 33 प्रश्नों का सही जवाब दें! यह राष्ट्रहित में अनिवार्य है!**



# जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 12479 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद



सुपौल जिला के सभी घरेलु गैस उपभोक्ताओं को जिनका ई-के.वाई.सी. नहीं हुआ है द्वारा विभिन्न तेल कम्पनियों से प्राप्त सूचना अनुसार अब ई-के.वाई.सी. हेतु उपभोक्ताओं को अपने गैस एजेंसी पर जाने की आवश्यक्ता नहीं है। इंडियन ऑयल (इण्डेण) से संबंधित उपभोक्ता Indian oil one मोबाईल ऐप द्वारा, हिन्दुस्तान ऑयल (एच.पी.) से संबंधित उपभोक्ता HP Pay मोबाईल ऐप द्वारा एवं भारत पेट्रोलियम (भारत गैस) से संबंधित उपभोक्ता Hello BPCL मोबाईल ऐप द्वारा ई-के.वाई.सी. करा सकते हैं।

अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 12479 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है, और आज 1008 अतिरिक्त LPG गैस सिलेंडर प्राप्त होने की संभावना है। कल दिनांक 12.04.2026 को लगभग 5988 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 22552 उपभोक्ता को बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। जिले के 61 गैस एजेंसियों में से 46 गैस एजेंसियों पर अभी LPG गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 05 मुरली इण्डेन ग्रामीण वितरक, रामेश्वर तारा इण्डेन ग्रामीण वितरक, रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक, संजय इण्डेन ग्रामीण वितरक, भूशकुलिया एच०पी० ग्रामीण वितरक पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। आज अभी तक कुल 51 LPG एजेन्सी में से 22 की जाँच की गई है। 27 अन्य होटलों/प्रतिष्ठानों पर LPG गैस सिलेण्डरों के प्रयोग की जाँच हेतु छापेमारी की गई है। जिले में LPG की उपलब्धता में लगातार सुधार हो रहा है। है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी सस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन LPG गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण हो रहा है। 5 पेट्रोल पम्पों की जाँच की गई है। तेल कम्पनियों से समन्वय स्थापित करके लगातार पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु LPG गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। आज दिनांक 13.04.2026 को जिला नियंत्रण कक्ष में 3 शिकायतें / जानकारी प्राप्त करने हेतु कॉल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है।

अभी तक घरेलु गैस के वाणिज्यिक प्रयोग/ कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चूकी है।

आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का निर्वाध उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और निर्वाध इंचन एवं LPG गैस की आपूर्ति को सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए, कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने एवं वैवाहिक कार्य हेतु वाणिज्यिक LPG की आपूर्ति के लिए जिला प्रशासन, सुपौल पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन सभी लोगों से अनुरोध करता है कि आवश्यक वस्तुओं, LPG गैस, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, जितनी आवश्यकता है नियमानुसार गैस की आपूर्ति की जा रही है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

आज दिनांक 11.04.2026 को श्री सावन कुमार, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा उनके कार्यालय वेश्म में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

साथ ही इच्छुक आवेदकों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें ऑनलाइन



जिला अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग करते हुए

पोर्टल पर आवेदन करने के लिए प्रेरित एवं सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक के दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता, सुपौल श्री आलोक रंजन को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित करें तथा कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम जनता के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, राघोपुर, सभी सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंता, सुपौल जिला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर भाग लिए।

# मामूली विवाद को लेकर सनकी युवक ने मासूम की रेट दी थी गला, दो दर्जन से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज

**संवाददाता**

**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा :** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सिटानाबाद दक्षिणी वार्ड संख्या 7 में रविवार शाम आठ वर्षीय मु. ओवेश की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा कर दिया। मामले में संलिप्त एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार को बख्तियारपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की मां सकीना खातून के लिखित आवेदन पर दो दर्जन से अधिक नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। "? घटना में शामिल मुख्य आरोपित गिरफ्तार" एसडीपीओ ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए रविवार देर रात पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया।

इस टीम में बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार, दारोगा सुधीर कुमार, अमरजीत सिंह तथा बलवाहाट थाना के दारोगा मेनुउद्दीन सहित अन्य पुलिस बल को शामिल किया गया। टीम ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर घटना में शामिल मुख्य आरोपित मु. मोजाहिरुल हसन के पुत्र मु. साद हसन को गिरफ्तार कर लिया। "? आरोपित ने स्वीकार किया अपराध" एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि वह खेत से घास लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी टक्कर मासूम ओवेश से हो गई। टकराने के बाद बच्चे द्वारा कुछ कहे जाने पर विवाद बढ़ गया। आरोपित ने गुस्से में आकर कचिया से बच्चे का गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। "

मृतक की बहन पर भी आरोपित ने किया था हमला" घटना के दौरान मृतक की बहन कुदरती परवीन अपने भाई को बचाने के लिए दौड़ी। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाने की कोशिश की। इससे नाराज होकर आरोपित ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में कुदरती परवीन के हाथ पर गंभीर चोट आई है और वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि समय रहते लोग नहीं पहुंचते तो घटना और भी भयावह हो सकती थी। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इधर इलाके में घटना के बाद से ही दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रेस वार्ता के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर मु. शुजाउद्दीन, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### समय अनुसार बदलेगा बिजली बिल: दिन में सस्ती, पीक आवर में महंगी बिजली से मिलेगी बचत का अवसर

**संवाददाता**

**सहरसा:** बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिलिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू हो गया है। अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को महीने के अंत में मिलने वाले बिल में सिर्फ कुल यूनिट नहीं, बल्कि अलग-अलग समय पर खर्च हुई बिजली का पूरा ब्योरा मिलेगा। यानी अब यह साफ दिखेगा कि आपने किस समय कितनी बिजली खर्च की और उसी हिसाब से बिल भी तय होगा। इस नई व्यवस्था के तहत दिन के समय बिजली सस्ती और शाम के पीक आवर में महंगी हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को अपने खर्च पर नियंत्रण रखने का मौका मिलेगा। नई व्यवस्था के मुताबिक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक के 8 घंटे में बिजली की दर लगभग 20 फीसदी कम रहेगी और प्रति यूनिट करीब 2.39 रुपये देनी होगी। वहीं, शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक का समय सबसे महंगा होगा, जब प्रति यूनिट दर करीब 4.61 रुपये तक पहुंचेगी, जो सामान्य दर से 20 फीसदी अधिक है। रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक के 10 घंटे में सामान्य दर यानी लगभग 3.87 रुपये प्रति यूनिट लागू रहेगी। इस तरह अब उपभोक्ताओं के पास यह विकल्प होगा कि वे अपने भारी बिजली उपकरणों का इस्तेमाल सस्ते समय में कर बिल कम कर सकें। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहरसा ईईई. अमित कुमार ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वॉशिंग मशीन, मोटर और अन्य भारी उपकरणों का उपयोग सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच करें। ऐसा करने पर बिल में करीब 20 फीसदी तक की बचत संभव है। इस बदलाव का मकसद लोगों को समझदारी से बिजली इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि फिजूलखर्ची पर रोक लग सके। बिलिंग में तीन तरह के शुल्क भी जोड़े जाएंगे। इसमें सबसे पहले ऊर्जा शुल्क होगा, जो वास्तविक यूनिट खपत के आधार पर तय होगा। इसके अलावा कुल खर्च पर 6 फीसदी इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी लगेगी। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति किलोवाट 80 रुपये का फिक्स चार्ज भी जोड़ा जाएगा। अगर कोई उपभोक्ता तय लोड से ज्यादा बिजली इस्तेमाल करता है, तो उस पर अतिरिक्त फिक्स चार्ज भी लगाया जाएगा।

बिजली विभाग का मानना है कि इस नई टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ व्यवस्था से बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बेहतर होगा। ऐसे में महंगी दर लागू होने से पीक आवर की खपत कम होगी और सिस्टम पर दबाव भी घटेगा। कुल मिलाकर यह बदलाव उपभोक्ताओं को न सिर्फ अपने बिजली बिल पर नियंत्रण का मौका देगा, बल्कि पूरे बिजली सिस्टम को संतुलित रखने में भी मदद करेगा। अब यह उपभोक्ताओं पर निर्भर करेगा कि वे अपने इस्तेमाल का समय बदलकर इस नई व्यवस्था का कितना फायदा उठा पाते हैं।

### भारत की नारी, विश्व शक्ति बनने की तैयारी : संतोष गुप्ता

**संवाददाता**

**सहरसा:** भारतीय जनता पार्टी सहरसा जिला के सह कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि जब आधी आबादी की आवाज प्रक्रिया में शामिल होती है तो लोकतंत्र सिर्फ मजबूत नहीं होता बल्कि अजेय हो जाता है। संतोष गुप्ता ने कहा कि देश में दशकों का इंतजार अब समाप्त हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है।

विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अब नारी शक्ति का सशक्तिकरण नीति-निर्माण से लेकर राष्ट्र-निर्माण तक उसकी अग्रणी भूमिका को और मजबूत करेगा। इस अधिनियम से विधायिका में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी और देश के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम राष्ट्र निर्माण में मिल का पत्थर.. लाजवंती झा

**संवाददाता**

**सहरसा:** नारीशक्ति का सशक्तिकरण ही विकसित भारत की सबसे मजबूत आधारशिला है। उक्त बाते भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कही। उन्होंने कहा कि इतिहास सिर्फ तारीख से नहीं फैसलों से लिखे जाते हैं। कुछ फैसले सालों तक टाले गए। महिला आरक्षण बिल उन में से एक है। वादे हुए, बहस हुई, समर्थन भी मिला मगर नतीजा शून्य। 1996 में पहली बार बिल आया परंतु हंगामें में अटक गया। फिर अटल बिहारी बाजपेई सरकार में 1998, 1999, 2003 में बार बार कोशिश की, लेकिन हर बार हंगामा, रुकावट, देरी, 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार के पास समय भी था और बहुमत भी। 2010 में राज्यसभा में बिल पास हुआ लगा अब रास्ता साफ है, लेकिन लोक सभा में कभी लाया ही नहीं गया।साल बीते गया महिलाएं इंतजार करती रही। बाते बहुत हुई लेकिन फैसला कभी नहीं हुआ। महिला आरक्षण पर बातें हुई, वादे हुए लेकिन फैसले टालते रहे।कई मौके आए पर बार बार राजनीति आगे महिलाएं पीछे रह गई।फिर आया सितंबर 2023, मोदी जी के नेतृत्व में 30 साल का इंतजार खत्म हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम दोनों सदनों में पास हो गया। भारत के लोकतंत्र को नई ऊर्जा देने वाला एक ऐतिहासिक फैसला।16 अप्रैल को सह संकल्प साकार होने जा रहा है।यह वह क्षण है जब नारी शक्ति निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में और अधिक सशक्त रूप से स्थापित होगी।नेतृत्व में यह पहल महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भागीदारी का अवसर देगी।नारीशक्ति का सशक्तिकरण ही विकसित भारत की सबसे मजबूत आधारशिला है। आज भारत को आगे बढ़ने के लिए महिलाओं को आगे आना आवश्यक है। महिलाओं की आवाज मजबूत होगी तब भारत का लोकतंत्र और अधिक संतुलित संवेदनशील और समावेशी बनेगा। जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभाती है तो केवल प्रतिनिधित्व नहीं बढ़ता बल्कि सोच और दृष्टिकोण भी बदलता है।समाज, नीति और विकास तीनों को नई दिशा मिलती है और यही एक सशक्त एवं प्रगतिशील राष्ट्र की पहचान है। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।यह वह क्षण है जब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी शासन व्यवस्था को अधिक उत्तरदाई, समावेशी और मजबूत बनाएगी ।

राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान, महिलाओं का नीति निर्धारण में सहभागिता एवं महिला आधारित विकाश की ये नई अध्याय आने वाले समय में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

### वजीरगंज में सैकड़ों लोगो ने थामा हिंदुस्तान आवाम मोर्चा सेक्युलर का हाथ

**संवाददाता**

**गयाजी वजीरगंज:** वजीरगंज प्रखंड के सहिया पंचायत के महादलित टोला सिराजी और महुगाइन पंचायत के महादलित टोला नूतन नगर में सोमवार को हम पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी के नेतृत्व में पार्टी के सदस्यता महाभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ो लोगों ने हम पार्तु का दामन थामा. पार्टी के जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने बताया कि वजीरगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ,जिसमें जीतन राम मांझी एवं हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार मांझी को हाथों को मजबूत कर रहे हैं. इस सदस्यता महाभियान में आम लोगो के समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है. इस सदस्यता महाभियान में नारायण प्रसाद मांझी , राकेश कुमार मांझी सुनील कुमार मांझी प्रखंड मीडिया प्रभारी दयाल कुमार मांझी, रामबली मांझी , कपिल मांझी द्वारका मांझी ,बाली मांझी इत्यादि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

# नारी शक्ति वंदन बिल पास होने पर महिला शक्ति ने पीएम को दिया धन्यवाद

## महिलाएं अब गृहतंत्र से ऊपर उठकर लोकतंत्र में भागीदारी करेगी: बेन प्रिया

**संवाददाता**

**सहरसा:** लोकसभा के दोनों सदनों में नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित होने पर महिलाओं में काफी हर्ष व्याप्त है। इस बिल के पास होने पर महिला शक्ति द्वारा दलित बस्ती में सोमवार को वार्ड नंबर 12 स्थित मुसहरी टोला सबरी आश्रम में सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी डॉक्टर अनामिका ठाकुर एवं मधेपुरा लोकसभा प्रभारी सह नगर निगम मेयर बेन प्रिया द्वारा किस बल के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई क्षेत्रीय प्रभारी डॉक्टर अनामिका ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सभी महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित किया गया है। अब महिलाओं को पंचायत से उपर विधानसभा एवं लोकसभा में भी 33% पदधारण का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सपनों को साकार कर इसे धरातल पर उतारा है। इस बिल के पास होने पर महिलाएं गौरवान्वित हैं। साथ ही 2047 के विकसित भारत में



महिलाओं की सशक्त भागीदारी देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। नगर निगम महापौर सह मधेपुरा लोकसभा प्रभारी बेन प्रिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल पास होने पर पूरे देश में महिलाओं द्वारा उत्साह पूर्वक जश्न मनाया जा रहा है। वहीं महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब गृहतंत्र से ऊपर उठकर लोकतंत्र में भागीदारी करेगी। नारी अब शत प्रतिशत शिक्षित होकर देश का प्रतिनिधि करेगी । इस दिन का वर्षों से इंतजार था हमारे पूर्व के नारी शक्तियों ने बहुत संघर्ष किया। विशेष कर सुषमा स्वराज के संघर्ष को कभी नहीं बुलाया जा सकता है। उन दिवंगत महिलाओं के कारण आज देश के लिए गौरव की बात बनी है। महिलाओं की सशक्तिकरण एवं नेतृत्व विकास के लिए शिक्षा में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को 33% का आरक्षण का अधिकार दिया गया है। जिस प्रकार केरल शिक्षित राज्यों में गिनती की जाती है।अब पूरा देश इसी प्रकार शत प्रतिशत साक्षर होगा। उन्होंने कहा कि इस गौरवमयी अधिनियम के पास होने पर महिला शक्ति द्वारा आगामी दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान, बालिका साइकिल रैली एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मौजूद महिलाओं ने भी मोदी सरकार की उपलब्धियां के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए आभार जताया महिलाओं ने कहा कि मोदी सरकार बनने पर गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बालिका पोशाक योजना, साइकिल योजना, कन्या प्रोत्साहन योजना, बिजली, सड़क, रेल सहित आयुष्मान योजना के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए दस हजार रुपए प्रदान किया जाना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। वहीं अब आरक्षण मिलने पर महिलाएं अब काफी सशक्त बनकर उभरेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी रिंकी कुमारी, सुगामनी देवी, रीता देवी, चंदन देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, मेदिनी देवी, सीता देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी, खुशबू देवी, कंचन देवी, मनकीय देवी, भारती देवी, मीना देवी, रिंकू देवी, शोभा देवी, पूनम देवी, रेणु देवी, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, माला देवी, प्रिया देवी, अनुरागी देवी, रमप्रभा देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्नातकोत्तर केंद्र स्थित इतिहास के पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा आयोजित



**संवाददाता**

**सहरसा:** स्नातकोत्तर केंद्र पश्चिमी परिसर के इतिहास के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ उपेंद्र नारायण सिंह के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन सोमवार को केंद्र के हिंदी विभाग कक्ष में किया गया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए परिसर प्रभारी डॉक्टर लाला प्रवीण कुमार सिन्हा ने, डॉक्टर सिंह कोई याद करते हुए कहा कि वे बहुत उदार चरित्र के व्यक्ति थे तथा अपने विभागीय कार्य के प्रति तो निष्ठावान थे।साथ ही आध्यात्म के प्रति भी उनकी गहन अभिरुचि रही थी।

छात्रों के बीच वे बहुत लोकप्रिय थे। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी वे छात्रों के समस्याओं के निराकरण के प्रति बराबर सचेष्ट रहा करते थे। साथ ही जरूरतमंदों की मदद करना वे अपना कर्तव्य मानते थे, उनकी मृत्यु से एक पीढ़ी का अंत हुआ है। बाद में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि प्रेषित की गई, इस मौके पर परिसर प्रभारी सह हिंदी विभाग अध्यक्ष के अतिरिक्त हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉक्टर सिद्धेश्वर कश्यप, विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर जैनेंद्र कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक सह सीनेटर अनिल कुमार, अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका सुप्रीता जी, मैथिली विभाग के अध्यक्ष डॉ रमाकांत रमण, मैथिली विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉक्टर प्रदीप कुमार मांझी, कविता कुमारी, इतिहास विभाग की ममता रानी के अतिरिक्त विभागीय कर्मी सत्य प्रकाश, प्रभात कुमार, आशीष कुमार व अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### डिजिटल माध्यम से होगी 16वीं जनगणना, तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**संवाददाता**

**सिमरीबख्तियारपुरसहरसा:** नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर के सभागार में देश की 16वीं और राज्य की तीसरी जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यपालक



पदाधिकारी (ईओ) रामबिलास दास की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। डिजिटल पोर्टल पर होगा डेटा अपलोड प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए ईओ रामबिलास दास ने कहा कि जनगणना का यह कार्य राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि "इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" खास बात यह है कि इस बार की जनगणना पारंपरिक कागजों के बजाय डिजिटल पोर्टल पर आधारित होगी। इससे कार्यशैली में पारदर्शिता आएगी और डेटा की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी।

दो चरणों में संपन्न होगी प्रक्रिया नगर परिषद के सभी 28 वार्डों में जनगणना का कार्य दो प्रमुख चरणों में पूरा किया जाएगा: प्रथम चरण (मकान सूचीकरण): यह प्रक्रिया 02 मई से 31 मई तक चलेगी, जिसमें मकानों का नंबरिंग और सूचीकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना): मुख्य जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में निर्धारित है। विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रत्येक बैच में 35 पर्यवेक्षक एवं प्रगणक को ट्रेनिंग दी जा रही है। फील्ड ट्रेनर के रूप में मो. रमीज रजा एवं शालिनी रंजन कर्मियों को डिजिटल बारीकियों से अवगत करा रहे हैं। वहीं, प्रशिक्षण कोषांग के सदस्य के रूप में बिष्णु कुमार, मो. हसनैन और ललन ठाकुर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इस तकनीक आधारित जनगणना से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आंकड़ों के संकलन में होने वाली मानवीय गलतियों की संभावना भी न्यूनतम हो जाएगी।

# साहित्य का सबसे बड़ा मंच बाल कवि सम्मेलन सीजन-3 का आयोजन

## तीसरे संस्करण में विभिन्न प्रखंड से सरकारी और निजी विद्यालय के कुल 127 बाल कवि हुए सम्मलित

**संवाददाता**

**सहरसा:** बच्चों की सृजनात्मकता और साहित्यिक सूझबूझ के विकास हेतु बिहार का पहला और बाल साहित्य का सबसे बड़ा मंच बाल कवि सम्मेलन सीजन-3 का आयोजन स्थानीय प्रमंडलीय पुस्तकालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा, साहित्यकार मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह, मैथिली कवि शैलेंद्र शैली, मुख्तार आलम, संदीप कश्यप, रजनीश कुमार मिश्र, अमित आनंद, चंदन कुमार, आनंद झा और रजनी जनगण ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थापक सह संयाजक एवं राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक आनंद कुमार झा ने बताया कि बाल कवि सम्मेलन के तीसरे संस्करण में जिले के विभिन्न प्रखंड से सरकारी और निजी विद्यालय के कुल 127 बच्चों ने जूनियर, सीनियर और ओपन वर्ग में भाग लिया। गूगल फॉर्म के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंड और सुपौल



व मधेपुरा के बच्चों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन के बाद मौके पर अरुण पराशर द्वारा बाल कवि सम्मेलन पर बने चित्र का अनावरण भी किया गया।

श्री झा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रचनाशील और सृजनात्मक बनाना है। वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल की गिरफ्त में आ गये हैं जिससे उनकी खुद की सोचने और समझने की क्षमता खत्म होती जा रही। लिखने और पढ़ने में भी काफी गिरावट आई है।इस बाल कवि सम्मेलन के माध्यम से उन्हें मंच दिया जा रहा है जिससे उन बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा है और वाचन शैली भी मजबूत होगी । उन्होंने बताया कि बच्चे इस मंच से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। बच्चों के अंदर विभिन्न भाषा साहित्य की ओर दिलचस्पी बढी है। बच्चों के अंदर किताब पढने और अपनी विचार को लिखने की प्रवृत्ति बढती जा रही। बाल कवि सम्मेलन के सीनियर वर्ग अंतर्गत बालिका वर्ग में सिद्धी मणि प्रथम, आस्था कुमारी द्वितीय और अमृता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अमन झा प्रथम, अभिनव कुमार द्वितीय और मो साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग अंतर्गत बालिका वर्ग में माही कुमारी प्रथम और रीतिका कुमारी द्वितीय तथा बालक वर्ग में यश राज प्रथम, शिवशंकर झा द्वितीय और वीर नारायण ठाकुर तृतीय स्थान प्राप्त किए। ओपन वर्ग में अकांक्षा अदिति प्रथम और मीनाक्षी झा द्वितीय स्थान प्राप्त की। तीनों वर्ग में दस-दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।साथ ही भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत युवा कवि शैलेंद्र शैली के एकल काव्य पाठ से की गई। आयोजन सचिव पुजा कुमारी और अखिलेश्वर चौधरी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया । कार्यक्रम में बच्चों का रजिस्ट्रेशन अंकित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, डॉ रूबी कुमारी और अनिल कुमार के द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में साहित्यकार मुक्तेश्वर सिंह मुकेश, मुख्तार आलम, नंदिनी कुमारी और गौतम कुमार ठाकुर रहे । मौके पर स्काउट गणेश के देखरेख में सैकड़ों दर्शक, अभिभावक और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

## जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है: डॉ शिवानी कृष्ण शुक्ला

**संवाददाता**

**सहरसा:** सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी राजकीय कन्या उच्च विद्यालय मैदान, नलकूप, पूरब बाजार सहरसा में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे. श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूल-माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

कथावाचक डॉक्टर शिवानी कृष्ण शुक्ला ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया।कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है।अत्याचार को समाप्त कर धर्म की



स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ. कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे। प्रवचन के क्रम में कथावाचक डॉ शिवानी ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए। जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है।हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं. धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छी संस्कार आती है।सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के आयोजन से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।भागवत कथा के दौरान व्यास पूजा, भजन, कथा के अंत में प्रसिद्ध आरती श्री भागवत भगवान की है आरती, पापियों को पाप से है तारती का सामूहिक रूप से गायन हुआ।फिर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।

आचार्य डॉक्टर नवनीत कुमार ने कहां धर्म की प्रति बच्चों को जागृत करना समाज के लिए एक सर्वोपरि कार्य क्योंकि जब आपके बच्चे धर्म से विमुख हो जाएंगे वहीं पर कलयुग का वास होता है। मुख्य यजमान डॉ प्रानमोहन सिंह संग पत्नी डॉ नीलू सिंह के द्वारा विधिवत पूजन महाआरती किया गया। वही आयोजन समिति के सदस्य सागर कुमार नन्हें ने कहा सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान के मध्य से धार्मिक आयोजन कर समाज को एक सूत्र में बाँधने का प्रयास है, वर्तमान समय में हर घर में सूखा नशा प्रवेश कर चूका है।

### जिलाधिकारी जनता संवाद कार्यक्रम के दौरान कुल तीस आवेदन को समयबद्ध निष्पादन का निर्देश



**संवाददाता**

**सहरसा:** सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से आगंतुक आम नागरिक मुलाकात कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल तीस आवेदन के संदर्भ में सुनवाई की गई, एवं संबंधित कार्यालय प्रधान यथा: अंचलाधिकारी कहरा, नवहट्टा, सौर बाजार, सत्तर कटैया सहित अन्य संबंधित को प्राप्त आवेदनों में वर्णित समस्याओं का नियमानुसार यथाशीघ्र निदान करने पश्चात तत्संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

आज आयोजित उक्त वर्णित कार्यक्रम के अवसर पर नृपेंद्र मिश्रा, कहरा निवासी श्रीमती प्रमिला देवी, नवहट्टा निवासी, राहुल कुमार, सलखुआ निवासी, सिकंदर साह, सौर बाजार निवासी, शत्रुघ्न पासवान, सत्तर कटैया निवासी, शशिधर ठाकुर, बनगांव निवासी ने राजस्व, भूमि विवाद, आपसी विवाद सहित अन्य मामलों से संबंधित समस्या से अवगत कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाददाता

**नरकटियागंज।** पुलिस ने पुरानी बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर शराब बेचने और पीने के आरोप में विजय राम नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से दो लीटर शराब बरामद की गई। ब्रेथ एनालाइजर जांच में आरोपी द्वारा शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी अपने घर से ही शराब बेचने का धंधा करता था। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बाढ़ थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया

संवाददाता

**बाढ़** थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2026 को दयालचक मोहल्ला निवासी ब्रजकिशोर नारायण के घर से मोबाइल और लैपटॉप चोरी हो गया था, जिसके बाद बाढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना में राहुल कुमार उर्फ आयुष राज, निवासी कुशद्वार, थाना नगरनौसा, जिला नालंदा शामिल है। छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कद्दावर युवा नेता तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे नीतीश के नेतृत्व में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया

संवाददाता

**पटना:** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम के सभागार में पटना महानगर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पटना महानगर क्षेत्र के कद्दावर युवा नेता तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे श्री नीतीश के नेतृत्व में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार आशीष ने किया । नीतीश के साथ शामिल युवा नेताओं में प्रमुख रूप से रिशु, अभिषेक, आलोक, गौरव, आकाश, अकील अमित, अंकुर, संजीव, चंदन अरमान, आदित्य, रोहित प्रमुख है। इस अवसर पर कुमार आशीष ने कहा कि जननायक राहुल गांधी जी की इन्क्लूसिव तथा प्रगतिशील विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं का झुकाव कांग्रेस पार्टी की नीतियों तथा कार्यक्रम की ओर है।

आज तो बस बानगी है. आने वाले समय में समाज के सभी वर्गों के युवा कांग्रेस से जुड़ेंगे कांग्रेस पहले भी लहर थी और आगे प्रचंड ज्वार भाटा में तब्दील होकर सांप्रदायिक शक्तियों को उखाड़ फेंकेगी युवाओं का कांग्रेस में मिलना पार्टी की जिला इकाई को और सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर मिन्नत रहमानी, सिद्धार्थ क्षत्रिय, वैद्यनाथ शर्मा, सत्येन्द्र बहादुर, प्रेमचन्द सिंह, पंकज यादव, बिमलेश तिवारी मौजूद थे।

### स्कूल जाते समय सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

संवाददाता

**बगहा।** वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत में हवाई अड्डा कैलाशपुर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलाशपुर ठाढी के सहायक शिक्षक आफताब अहमद की बाइक से बिधालय जाते समय दुर्घटना में मृत्यु हो गई। कुशीनगर कस्बा क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 स्थित स्वामी विवेकानंद नगर निवासी शिक्षक आफताब अहमद (39 वर्ष) की बिहार में ड्यूटी पर जाते समय सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सोसल मीडिया पर लोग मिलनसार व्यक्तित्व होने के कारण दुःख जताते हुए पोस्ट कर परिवार को सांत्वना दें रहे हैं। बताया जाता है कि आफताब अहमद, पुत्र इल्तजा हुसैन, वर्ष 2013 से बिहार के वाल्मीकिनगर क्षेत्र के समीप स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठाढ़ी कैलाशपुर हवाईअड्डा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वह अपने निजी आवास उत्तर प्रदेश के कुशीनगरविद्यालयों जिला के खडडा क्षेत्र से लगभग 100 किलोमीटर आप डाउन प्रतिदिन बाइक चलाकर अध्यापन का कार्य करते थे। वे प्रतिदिन की तरह अपने विद्यालय पढ़ाने अपने बाइक से जा रहे थे। नौरंगिया के आगे धोबहा पुल के नजदीक पहुंचे ही थे तभी अचानक अज्ञात कारणों से इनकी वाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई । राहगीरों के द्वारा इसकी सूचना वाल्मीकि नगर थाना के 112 को दी गई।घायलावस्था में हीं उन्हें अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उधर, जैसे ही यह खबर उनके पैतृक घर खड्डा कस्बे में पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में उनके आवास पर जुट गए और शोक संवेदना व्यक्त की है। आफताब अहमद अपने पीछे पत्नी व व 12 वर्षीय पुत्री आलीया व आठ वर्षीय पुत्र अरशू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके असमय निधन से न केवल परिवार बल्कि क्षेत्र और विद्यालय परिवार में भी गहरा शोक व्याप्त है। शोक संवेदना में अजीत तिवारी, लालबिहारी यादव, राजेश जायसवाल, विकास कुशवाहा, चिंतामणी बालमुकुंद, नत्थू शर्मा एडवोकेट अजय चौहान, एडवोकेट संजय पाण्डेय आदि ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण, गड़बड़ी को लेकर दी चेतावनी

संवाददाता

**नरकटियागंज।** प्रखंड के डीके शिकारपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों की कुव्यवस्था की शिकायतों के बाद सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने सोमवार को शिकारपूर पंचायत के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र संख्या 69, 71, 213 और 216 में भारी अव्यवस्था और खामियां पाई गईं, जिसे लेकर सीडीपीओ ने संबंधित सेविका व सहायिकाओं को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

बता दें कि मुखिया राहुल जायसवाल ने केंद्रों में व्याप्त अनियमितता को लेकर एसडीएम और बीडीओ और सीडीपीओ समेत स्थानीय विधायक को को ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के उपरांत सीडीपीओ कुमारी श्वेता ने पंचायत कार्यालय पहुचकर मुखिया से मुलाकात की। सीडीपीओ ने मुखिया से इस समस्याओं को लेकर जल्द से जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। वही अचानक हुई इस जांच से कर्मियों में हड़कंप मचा रहा, हालांकि जांच के बाद ग्रामीणों में आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था सुधरने की उम्मीद जगी है।

# काली बाग, बस स्टैंड, टाउन हॉल, शहीद पार्क, झिलिया पार्क व कम्युनिटी हॉल निर्माण, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण में देरी चिंताजनक : गरिमा

## नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में सशक्त स्थायी समिति और नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजनाओं में देरी पर महापौर सहित सदस्यों ने जताया क्षोभ

संवाददाता

**बेतिया।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सोमवार को नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं पारित योजनाओं से संबंधित पारित प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

बैठक में काली बाग, बस स्टैंड, टाउन हॉल, शहीद पार्क, झिलिया पार्क व कम्युनिटी हॉल आदि के जीर्णोद्धार, निर्माण और सौंदर्यीकरण से संबंधित योजनाओं का अब तक टेंडर नहीं होने पर महापौर एवं समिति के अन्य सदस्यगण के द्वारा गहरा क्षोभ व्यक्त किया गया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की विकास योजनाओं में कार्यालय स्तर शिथिलता खेदजनक है। इसके साथ सशक्त स्थायी समिति और नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित विभिन्न प्रस्तावों को पूरा करने के लिए निविदा जारी करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ



दर्जनाधिक प्रस्तावों के अनुपालन में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त से शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया गया। उपरोक्त बिंदुओं के अलावा अन्य प्रस्तावों की समीक्षा के बाद संपुष्टि की गई।

इसके अलावा, बेतिया राज कार्यालय द्वारा राज देवड़ी में मोटरसाइकिल, टेंपो व ई-रिक्शा पार्किंग के लिए किए गए डाक और बंदोबस्ती पर भी सवाल उठाए गए। समिति के आधे से अधिक सदस्यगण द्वारा स्पष्ट किया गया कि नगर निगम प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना पार्किंग या अन्य सैरातों के संचालन को अवैध करार देते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, नगर निगम के सैरातों में निर्धारित दर से अधिक वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी रसीदों एवं वसूली करने वालों की पहचान (आईडी) का सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया।

वही नगर निगम के सैरात स्थलों पर संवेदकों द्वारा रेट चार्ट नहीं लगाए जाने पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देश दिया गया कि संवेदको और निगम द्वारा सभी स्थलों पर अनिवार्य रूप से रेट चार्ट प्रदर्शित किए जाएं, साथ ही निगम द्वारा 50 प्रमुख स्थानों पर रेट चार्ट की पेंटिंग कराई जाए।

इसके साथ ही सोवा बाबू चौक, छावनी एवं बस स्टैंड इत्यादि पर ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन निर्माण में हो रही देरी पर भी चिंता जताई गई। इस संबंध में जल्द ही महापौर की अध्यक्षता में संवेदकों, अधिकारियों व ड्राइवरों की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को सभी 46 वार्डों के नालों में एक साथ लार्वा नाशक दवा का छिड़काव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं नाला मैन्युअल सफाई के टेंडर पर भी समिति ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। नगर निगम में स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट की भी जल्द अधिष्ठापन और रिपेयरिंग का निर्णय बहुमत से लिया गया है।

साथ ही अगले बोर्ड के बैठक से पूर्व सभी जनवरी 2024 से बची हुई योजनाओं को विभागीय विधि से बदलकर टेंडर विधि से क्रियान्वयन कराने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति कराने हेतु प्रस्तुत करने का निर्णय बहुमत से लिया गया।

## सभापति प्रतिनिधि नागेंद्र साह को बुके देकर विधायक ने किया सम्मानित



संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर नगर परिषद की सभापति गीता देवी के पति व सभापति प्रतिनिधि नागेंद्र साह का 43वां जन्मदिन पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया. नगर के सबुनी रोड स्थित सभापति आवास पर आयोजित इस समारोह में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी.

नागेंद्र साह ने केक काटकर जन्मदिन समारोह की शुरूआत की, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर व बुके देकर और केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर रामनगर विधायक नंदकिशोर राम, समाजसेवी पिन्टू सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सदाकांत शुक्ल, दिनेश शुक्ल, रामलोचन प्रसाद, श्री कांत गुप्ता, पार्षद बृजेश ओझा, उत्तम प्रसाद, दीपक कुमार, शेखर सुमन, गिफ्फी सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे. सभी ने नागेंद्र साह के सामाजिक योगदान और मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की. कार्यक्रम में मेहमानों के लिए स्वादिष्ट मिठाइयों, फलों और ठंडे पेय की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी, जिससे माहौल और भी खुशनुमा बन गया. आयोजन में आए लोगों ने व्यवस्था की जमकर तारीफ की और इसे यादगार बताया. हालांकि स्टैंडिंग कमिटी सदस्य के चुनाव को लेकर कुछ पार्षदों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही.

बावजूद इसके पूरे आयोजन में खुशी, उत्साह और अपनापन देखने को मिला, जिससे यह समारोह नगर में चर्चा का केंद्र बना रहा.

# वार्ड 2 के सुंदरपुर में घर में रखे गैस सिलेंडर से लगी आग, 8 झुलसे, 3 व्यक्ति की हुई मौत एक फायर अधिकारी भी घायल

## दरभंगा में भीषण अग्निकांड खाना बनाने के दौरान लगी गैस सिलेंडर में आग लगने से माँ पिता सहित तीन महीने का मासूम की हुई मौत

संवाददाता

**दरभंगा।** जिले के सुंदरपुर स्थित तेनु पेड़ के पास रविवार की शाम हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। बेचन दास के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर में आग लगी और ब्लास्ट हो गया जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस भयावह हादसे में कुल सात लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया फिर डीएमसीएच में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन इस दर्दनाक घटना में इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों में गोविंद दास, मिसु कुमारी और तीन महीने का मासूम बच्चा भी शामिल बताया जा रहा है। बेचन दास, उनके दूसरे बेटे गोविंद और एक पड़ोसी आदित्य सहित एक अग्निशमन के अधिकारी भी इस घटना में घायल हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और आसपास के लोग भी इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध हैं। वार्ड 2



के पार्षद प्रतिनिधि, भगवान लाल ठाकुर स्थानीय रात भर पीड़ित परिवार की मदद और लोगो को बचाने का प्रयास करते रहे। इस घटना से जनप्रतिनिधि व आम जनता बहुत मर्माहत है।

## पूर्व विशेष लोक अभियोजक सह दिवानी मामले के मर्मज्ञ अधिवक्ता स्वर्गीय सियाराम चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि अधिवक्ताओ द्वारा मनाई गई

संवाददाता

**दरभंगा।** जिला बार एसोसिएशन भवन में रविवार को पूर्व विशेष लोक अभियोजक सह दिवानी मामले के मर्मज्ञ अधिवक्ता स्वर्गीय सियाराम चौधरी की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम बार एशोसिएशन भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित की गई। बार एशोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रधर मल्लिक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता, रमण जी चौधरी ने कहा स्व० सियाराम बाबू बहुमुखी प्रतिभा संपन्न एक मृदुल स्वभाव के मृदुभाषी अधिवक्ता थे। जिन्हें एक साथ दिवानी, फौजदारी और रेभेन्यू मामले समेत सभी प्रकार के मामलों पर समान पकड़ थी। सहायक सरकारी अधिवक्ता गौड़ी शंकर चौधरी ने कहा वास्तव में वे गरीबों के वकील थे। अधिवकता बिरेंद्र कुमार झा ने कहा स्वर्गीय चौधरी एक संवेदनशील अधिवक्ता होने के साथ साथ हमेशा अध्यनशील रहे, जो वकीलों के लिए अनुकरणीय रहेंगे। आनंदपुर सहोड़ा पंचायत के मुखिया सह स्वर्गीय चौधरी के पुत्र कृष्ण कांत चौधरी ने कहा स्वर्गीय चौधरी के सद्प्रयास से पंचायत सहित क्षेत्र में अनेकों विकास का काम हुआ जिसमें उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है। अन्य अधिवक्ताओं ने उनसे जुड़े संस्मरण साझा की। धन्यवाद ज्ञापन स्वर्गीय चौधरी के पुत्र अधिवक्ता विष्णुकांत चौधरी 'सुमन जी' ने किया। मौके पर अधिवक्ता संजीव कुमार, अनिल कुमार मिश्रा, सरोज कुमार झा, युगल किशोर मिश्रा, भवनाथ मिश्रा, मनीष कुमार, आशुतोष कुमार, महाकान्त चौधरी, मो. खलिउल्लाह, मो. तौसिफ, शिवम कुमार, सत्यम, सानिध्य चौधरी, आशुतोष कुमार, पंकज ठाकुर समेत दर्जनों वकीलों ने सियाराम बाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



## औरंगाबाद जिले का नाम आदित्य नगर करने की मांग शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




संवाददाता

**औरंगाबाद** : जिला मुख्यालय की सामाजिक संस्था केशव लोक मंच के तत्वावधान में जिला पदाधिकारी औरंगाबाद को संस्था के शिष्टमंडल के सदस्यों के द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें औरंगाबाद जिले का नामकरण आदित्य नगर के रूप में करने की मांग की गई। शिष्टमंडल में शामिल भानु प्रताप, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, इंजीनियर कमलेश कुमार, समाजसेवी मृत्युंजय सिंह, कृष्णा सिंह, शिवनंदन सिंह, अजय कुमार सिंह, विनोद मालाकार, डॉ संजीव रंजन, मुनिंद्र कुमार, सहित अन्य सदस्यों ने नामकरण करने से संबंधित बताया कि मगध प्रमंडल का यह सर्वाधिक चर्चित जिला सभी दृष्टिकोण से चाहे पौराणिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक पृष्ठभूमि से हमेशा समृद्ध रहा है। विशेष कालखंड में अराजकता के दौर में इसका नामकरण औरंगाबाद किया गया जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मगध प्रमंडल गया जी के गोद में बसा यह औरंगाबाद जिला के जनमानस ने मांग किया है कि क्षेत्र विशेष के प्रसिद्धि एवं समृद्धि के अनुरूप हो। सभी विशेषताओं को समेटे यह जिला विश्व में पुरातन सूर्य मंदिर देव के नाम से विख्यात है। जनमानस मांग करती है कि औरंगाबाद जिले का नाम परिवर्तन कर आदित्य नगर किया जाए।

## राजकीय महोत्सव को उद्देश्य परक बनाने की जिला प्रशासन से की गई मांग

संवाददाता

**औरंगाबाद** : जनेश्वर विकास केंद्र एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वाधान में शहर के अधिवक्ता संघ सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह ने की, बैठक का संचालन महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की चर्चा हेतु बुलाई गई है.

वर्तमान समय में जिले में लगभग 26 महोत्सव आयोजित हो रहे हैं अभी भी रफीगंज प्रखंड हसपुरा क्षेत्र महोत्सव से वंचित है जल्द रफीगंज में कमेटी गठित करते हुए वहां के इतिहासों को देश स्तर पर प्रचार प्रसार का बढ़ावा देने हेतु इसी वर्ष भव्य रूप से महोत्सव आयोजित किए जाएंगे हसपुरा में बाणभट्ट महोत्सव की कमेटी गठित कर ली गई है, हसपुरा प्रखंड में बाणभट्ट महोत्सव को आयोजित कराया जाएगा, यदि वहां के लोगों की सहमति नहीं बन पाती है तो इस महोत्सव की शुरूआत शहर के मुख्यालय से की जाएगी, जिसका संयोजक कला कौशल मंच अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव को बनाया गया है, वर्तमान समय में जिले में लगभग 15 राजकीय महोत्सव आयोजित हो रहे हैं, अपने मूल बिंदुओं से महोत्सव भटक चुकी है, पिछले वर्ष कमेटी के द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया था और महोत्सव को उद्देश्य परक बनाने की मांग की गई थी, जिस पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया, आज भी वर्तमान समय में महोत्सव अपने उद्देश्य से भटकी हुई है और सिर्फ मनोरंजन तक ही सीमित रह गई है, युवा विभाग कला संस्कृति जिला प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से फिर से ध्यान आकर्षित करने के लिए एवं महोत्सव के उद्देश्य परक बनाने की मांग करने का निर्णय लिया गया, आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले राजकीय महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि यहां के स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा देश स्तर तक पहुंच सके जिससे जिले का मान और सम्मान बढ़े, युवा विभाग कला संस्कृति मांग करते हैं जिले के स्थानीय कलाकारों को भी राजकीय महोत्सव में उचित राशि दिलाई जाए।



इस मौके पर साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, ज्योतिषाचार्य शिव नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह, नगीना सिंह अरुण सिंह, अमरेश सिंह इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, लोक गायिका कंचन प्रज्ञा, लोक गायक मुकेश चौबे, उज्जवल रंजन, विनोद कुमार, विवेक मिश्रा, अन्य कई लोग मौजूद थे।

# मैगरा पुलिस की बड़ी सफलता:-पांच घण्टे में लापता नाबालिग लड़की को सासाराम के इंद्रपुरी से किया बरामद

▸ अपहरण कर्ता आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ▸ लड़की का 164 का बयान दर्ज

संवाददाता

**गयाजी डुमरिया:** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत मैगरा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहरण का मामला दर्ज होने के पांच घण्टे में एक नाबालिग लड़की को सासाराम के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया है. पुलिस ने लड़की के साथ अपहरण कर्ता आरोपी को भी गिरफ्तार कर ली है.गिरफ्तार आरोपी की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के भौर निवासी बब्लू उर्फ पीयूष कुमार के रूप में किया गया है. नाबालिग लड़की मैगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही थी.घटना के बाद लड़की के परिजनों ने स्थानीय




थाना में मामला दर्ज कराया था. जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला दर्ज के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मैगरा थाना पुलिस ने लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच शुरू कर दी. तकनीकी जांच के आधार पर आखिरकार लड़की को पांच घंटे में खोज निकाला. बरामदगी के बाद पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए लड़की का न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया मेडिकल जांच कराने के बाद उसे सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा. इस संबंध में मैगरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की सासाराम इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर गांव में आरोपित के बहन के घर का लोकेशन मिला लोकेशन के आधार पर .तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर छापेमारी की गई, जहां से लड़की व अपहरण कर्ता को सकुशल बरामद कर लिया गया. आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## गाँधी आजाद पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूम उठे लोग

संवाददाता

**गयाजी आमस:** प्रखंड क्षेत्र के अकौना पंचायत अंतर्गत बैदा गाँव में गाँधी आजाद पब्लिक स्कूल के 23वें वार्षिकोत्सव समारोह में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी ' सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर लोग झूम उठे ' प्रसिद्ध समाजसेवी इमरान अली, नसीमुद्दीन अधिवक्ता, वीरेंद्र पाठक, मुंशी नईमुद्दीन, सियाराम दास, राशिदुल हक, नदीम अख्तर, विजय मांझी मिन्हाज खान और बशीर अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया.इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, नाटक और कव्वाली आदि पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया.

समारोह के मुख्य अतिथि शेरघाटी विधायक उदय कुमार सिंह, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमैर खान, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधिक्षक डॉ उदय कुमार, गया कॉलेज के प्रो अब्दुल हई, आमस प्रमुख लड्डन खान, राजद नेता वसीम अकरम और हारिस कमाल आदि ने सम्बोधित करते हुए स्कूली बच्चों के द्वारा पेश किए गए कार्यक्रम को खूब सराहा ' स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का यह अनोखा विद्यालय है जहां बच्चों को बेहतर तालीम व तरबियत दी जा रही है. निदेशक शौकत अली ने बताया कि सुप्रिया शर्मा व इफरा रेयाज को संयुक्त रूप से स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया.

# संपादकीय

## जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल!

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेतृत्व में बालेन शाह (बलेंद्र शाह) ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्यीय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट 'जेन-जी आंदोलन' के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में 'दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट' और 'सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल' के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे 'जनरेशनल शिफ्ट' करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (पूर्वांचल विश्वविद्यालय) और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेटधारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं।वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे 'टीच फॉर नेपाल' के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है। शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं। महिला, बाल-बालिका एवं ज्येष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूवार्धार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एम.टेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं। गौरतलब है कि ये योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन 'हामी नेपाल' और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी (जैसे सीता बादी) समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य हैं, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनीतिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों (इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र) से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं (तीन पीएचडी), लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है। नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी 'डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस' पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही '100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा' लागू कर चुकी है।

## पार्श्व गायन के एक स्वर्णिम युग का अंत

देश की महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में जन्मी, स्वर साधिका आशा भोंसले जी अपनी आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करती थीं। पिता दीनानाथ मंगेशकर ने ही अपनी पुत्री आशा को संगीत की आरंभिक शिक्षा दी किन्तु जब आशा की आयु मात्र 9 वर्ष की थी तभी दीनानाथ जी का निधन हो गया और पूरा परिवार मुंबई आ गया। परिवार की आर्थिक सहायता के लिए आशा और इनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर जी ने फिल्मों में गीत गाना और अभिनय करना आरम्भ किया। आशा जी ने प्रथम गीत 1943 में मराठी फिल्म माझा बाल में गाया था। 1948 में हिंदी फिल्म चुनरिया का गीत सावन आया हंसराज बहल के लिए गाया। आशा भोंसले ने 20 भाषाओं में 12 हजार से अधिक गीत गाए हैं। आशा जी ने मराठी, असमिया, हिंदी, तेलुगू, मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, भोजपुरी, तमिल, और मलयालम भाषा में गीत तो गाये ही वहीं विदेशी अंग्रेजी, रशियन, नेपाली, मलय आदि भाषाओं में भी गीत गाकर इतिहास रचा।

एक समय ऐसा था जब आशा जी को नायिकाओं पर फिल्माए जाने वाले प्रमुख गीत नहीं मिलते थे। 1950 के दशक में आशा जी ने दूसरी-तीसरी श्रेणी की फिल्मों या फिर खलनायिकाओं वाले गीत गाए।आशा जी की लोकप्रियता फिल्म बूट पॉलिश के गीत ह्लनन्हें मुन्ने बच्चोंह्न के साथ हुई। आशा जी को सबसे बड़ा अवसर 1956 में ओ.पी. नैयर की फिल्म सीआईडी में मिला, इस फिल्म के गीत बेहद लोकप्रिय हुए। 1957 मे बी. आर. चोपड़ा की फिल्म नया दौर के गीतों से कमाल हो गया और इन फिल्म के गीत जनमानस में छा गये थे।1966 में संगीतकार आर.डी. बर्मन की सबसे सफल फिल्म तीसरी मंजिल से आशा जी की आवाज का जादू श्रोताओं के सर चढ़कर बोलने लगा। 1970 तक आशा जी एक प्रमुख आवाज बन गयीं। उस समय के गीत आज भी अत्यंत लोकप्रिय हैं। 1981से 1987 तक आशा जी ने अपने गीतों का लोहा मनवा लिया। आशा जी ने कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया, जिनमें संगीतकार ओ. पी, नैयर, खैय्याम, रवि, सचिन देव बर्मन के साथ उनकी साझीदारी बहुत प्रभावशाली रही। संगीत निर्देशक जयदेव ने आशा जी के साथ कई फिल्मों के लिए गीत रिकॉर्ड किए। 1987 में जयदेव जी के निधन के बाद उनके कम प्रसिद्ध गीतों का संकलन जो जयदेव के द्वारा संगीतबद्ध था सुरांजलि नाम से निकाला गया इसमें आशा जी की प्रमुख भूमिका थी। संगीतकार शंकर जयकिशन के साथ आशा जी ने जो गीत गाए वे काफी लोकप्रिय हुए। आशा जी ने ही 1970 में मेरा नाम जोकर प्रसिद्ध फिल्म के गीत गाए और लोकप्रियता बटोरी।आशा जी ने इलैया राजा से लेकर इस पीढ़ी के ए आर रहमान तक के साथ किया। फिल्मी दुनिया में शायद ही ऐसा कोई संगीताकर हो जिसके लिए आशा जी ने गीत न गाया हो। आशा जी ने कई निजी एलबम भी निकाले इनमें कभी तो नजर मिलाओ और बरसे बादल काफी लोकप्रिय हुए। गायन की विविधता से आशा जी ने अपनी गायकी में अभूतपूर्व ऊंचाई प्राप्त की आशा भोंसले जी को सात बार फिल्म फेयर पुरस्कार, 1995 में फिल्म रंगीला के लिए विशेष पुरस्कार, 2001 में फिल्मफेयर लाइफ टाइम अचीवमेंट, 1981 में उमराव जान और 1986 में इजाजत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले।

# आशा जी की मधुर और सुरमयी आवाज सदा दिलों में अमर रहेगी

आशा भोंसले जी का नाम भारतीय संगीत इतिहास में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने करियर में आठ दशकों से भी अधिक समय तक संगीत जगत में अमूल्य योगदान दिया है और लगभग 12 हजार से अधिक गीतों को अपनी मधुर आवाज से सजाया है। आशा भोंसले जी, जो भारत की महानतम और दिग्गज गायिकाओं में से एक थीं। आशा जी का नाम संगीत जगत में सदैव एक सिरमौर के रूप में लिया जाएगा। दिनांक 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 साल की उम्र में उनका दुखद निधन हो गया। उनके दुखद निधन का समाचार पूरे विश्व के संगीत प्रेमियों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। यह क्षति न केवल भारतीय संगीत जगत के लिए, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी अपूरणीय है। आशा भोंसले जी के जीवन के बारे में बात की जाये तो उनका जन्म 8 सितम्बर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में एक समृद्ध संगीत परंपरा वाले परिवार में हुआ था। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक एवं रंगमंच कलाकार थे, जिनसे उन्हें संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली। बचपन से ही संगीत के वातावरण में पली-बढ़ीं आशा जी ने बहुत कम उम्र में ही गायन प्रारंभ कर दिया। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उन्होंने किशोरावस्था में ही फिल्मों में गाना शुरू कर दिया और कठिन परिस्थितियों और संघर्षों के बावजूद अपने करियर की मजबूत नींव रखी। उनकी बड़ी बहन सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर विश्वप्रसिद्ध गायिका रहीं, जबकि उनकी अन्य बहनें मीना मंगेशकर और उषा मंगेशकर ने भी संगीत जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनके भाई हृदयनाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध संगीतकार के रूप में जाने जाते हैं। इस प्रकार मंगेशकर परिवार ने सामूहिक रूप से भारतीय संगीत को समृद्ध किया और एक अमूल्य सांगीतिक विरासत स्थापित की, जिसका प्रभाव आज भी भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अपने शुरूआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, मेहनत और प्रतिभा के बल पर उन्होंने धीरे-धीरे संगीत जगत में एक विशिष्ट स्थान बना लिया। उन्होंने ओ. पी. नैयर, आर. डी. बर्मन और खय्याम जैसे महान संगीतकारों के साथ काम करते हुए

**अपने शुरूआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, मेहनत और प्रतिभा के बल पर उन्होंने धीरे-धीरे संगीत जगत में एक विशिष्ट स्थान बना लिया। उन्होंने ओ. पी. नैयर, आर. डी. बर्मन और खय्याम जैसे महान संगीतकारों के साथ काम करते हुए अनेक अमर गीतों को जन्म दिया। विशेष रूप से आर. डी. बर्मन के साथ उनकी जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और कई सदाबहार गीत दिए**



अनेक अमर गीतों को जन्म दिया। विशेष रूप से आर. डी. बर्मन के साथ उनकी जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और कई सदाबहार गीत दिए। आशा जी ने अपने दीर्घ और गौरवशाली संगीत जीवन में भारतीय शास्त्रीय संगीत से लेकर फिल्मी गीतों, गजलों, भजनों और लोकगीतों तक हर शैली में अपनी अद्वितीय छाप छोड़ी। उनकी आवाज की मधुरता, लचीलापन और भावनात्मक अभिव्यक्ति ने उन्हें अन्य गायिकाओं से अलग पहचान दिलाई। उन्होंने हिंदी, मराठी, बांग्ला, तमिल, गुजराती सहित अनेक भाषाओं में हजारों गीत गाकर विश्वभर में भारतीय संगीत का परचम लहराया। आशा भोंसले जी की असाधारण उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्हें पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, तथा कई बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया, जहाँ उन्हें विश्व की सर्वाधिक रिकॉर्डिंग करने वाली गायिकाओं में शामिल किया गया, जो उनके अद्वितीय और विशाल संगीत योगदान का प्रमाण है। आशा जी और उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर जी का संबंध भारतीय संगीत इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। दोनों बहनों ने अपने-अपने विशिष्ट अंदाज और आवाज के माध्यम से संगीत जगत में अलग-अलग पहचान बनाई, फिर भी उनके बीच गहरा पारिवारिक और सांगीतिक जुड़ाव बना रहा। जहाँ लता जी को उनकी मधुर और शुद्ध आवाज के लिए जाना जाता था, वहीं आशा जी अपनी बहुआयामी और प्रयोगधर्मी शैली के लिए प्रसिद्ध रहीं। इन दोनों बहनों ने मिलकर भारतीय फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य विरासत छोड़ी। आशा जी के व्यक्तिगत जीवन की बात करें, तो उनका जीवन भी अनेक उतार-चढ़ाव से भरा रहा। 16 साल की उम्र में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जो अधिक समय तक सफल नहीं रहा। इसके बाद उन्होंने अपने साहस और आत्मविश्वास के बल पर अपने बच्चों का पालन-पोषण किया। बाद में उनका विवाह महान संगीतकार आर. डी. बर्मन से हुआ, जिनके साथ उनका संबंध न केवल वैवाहिक बल्कि सांगीतिक रूप से भी अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। उनके परिवार में उनके बच्चे और पोते-पोतियाँ शामिल हैं, जिनके साथ उनका गहरा स्नेहपूर्ण संबंध रहा। उनकी आवाज केवल गीत नहीं थी, बल्कि भावनाओं का अथाह सागर थी- खुशी, दर्द, प्रेम और जीवन के हर रंग को उन्होंने अपने सुरों में अद्भुत संवेदनशीलता के साथ पिरोया। दशकों तक उन्होंने संगीत जगत पर अपनी अमिट छाप बनाए रखी और हमें अनगिनत यादगार गीतों की अमूल्य धरोहर दी, जो सदैव हमारे दिलों में गूंजती रहेगी। उन्होंने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज से कई पीढ़ियों के हृदय को स्पर्श किया तथा भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनके गीत न केवल मनोरंजन का माध्यम रहे, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त स्वर भी बने, जो उन्हें सदैव हमारे बीच जीवित रखेंगे। आज का दिन हर भारतीय, विशेषकर संगीत प्रेमियों के लिए अत्यंत दुखद है। आशा जी ने न केवल अपनी सुरमयी आवाज से एक विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि अपने सुरों के माध्यम से भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। हर तरह के संगीत में ढल जाने की उनकी अनोखी प्रतिभा ने उन्हें युगों-युगों तक अमर बना दिया है। उनके गाए हुए गीत आज भी हर दिल में जीवित हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे। आशा जी भले ही आज हमारे बीच नहीं रहीं, लेकिन उनका संगीत सदैव अमर रहेगा और उनके सुर हमेशा हमारे दिलों में गूंजते रहेंगे।

# कूटनीति के जरिए पेट्रोलियम आपूर्ति को रखा बरकरार

28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद पूरी दुनिया की चिंता ऊर्जा को लेकर थी। आज की दुनिया ऊर्जा के लिए जीवाश्म तेलों पर सबसे ज्यादा निर्भर है, जिसे हम पेट्रोल और डीजल के रूप में जानते हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस भी आज ऊर्जा की बड़ी स्रोत है। ईरान पर हमले के पहले बहुत लोगों ने होमुर्ज जलडमरूमध्य का नाम नहीं सुना था, लेकिन आज हर पढ़ा-लिखा और सचेत शख्स इसे जान गया है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित इस संकरे समुद्री रास्ते पर ईरान का कब्जा है। इसके जरिए पूरी दुनिया को आपूर्ति होने वाला बीस प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थ इसी रास्ते से गुजरता रहा है। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। लेकिन भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी।

भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। वैसे तो होमुर्ज पर ओमान का भी दावा माना जाता है, लेकिन हकीकत में इस जलमार्ग पर पूरी तरह ईरान का दबदबा है। हमले के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस रास्ते पर ना सिर्फ निगरानी बढ़ा दी है, बल्कि सीमित आवाजाही हो ही मंजूरी दी है। भारत को इसकी आशंका थी, इसलिए उसने खाड़ी के देशों से तेल आयात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया। संकट के क्षण में भले ही ईरान ने भारत के प्रति सहयोगी रूख अख्तियार कर रखा है, लेकिन भारत ने 'केप ऑफ गुड होप' यानी अफ्रीका के दक्षिण से गुजरने वाले जलमार्ग का भी उपयोग बढ़ा दिया है। इस बीच भारत ने कूटनीतिक प्रयास जारी रखा। इसका असर यह हुआ कि ईरान भारतीय जहाजों को होमुर्ज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। एलपीजी लदा एक जहाज कोचीन आ चुका है और ऐसे ही कुछ और जहाज तेल और गैस लेकर भारत आ रहे हैं। इस बीच भारत ओमान की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को अपनी नौसेना के जरिए सुरक्षा दे रहा है। भारत सरकार के अनुसार, भारतीय

**भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। वैसे तो होमुर्ज पर ओमान का भी दावा माना जाता है, लेकिन हकीकत में इस जलमार्ग पर पूरी तरह ईरान का दबदबा है**



रिफायनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यवसायिक गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने-पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। महानगरों में सर्वसुलभ ठेले की चाय की कीमतें डेढ़ गुनी तक बढ़ चुकी हैं। लेकिन आपूर्ति श्रृंखला जारी रहने के चलते स्थिति खराब नहीं हुई है। जबकि पड़ोसी पाकिस्तान में आधी गाड़ियों को ही सड़कों पर उतरने की अनुमति है, वहां पेट्रोल भारत के मुकाबले करीब ढाई गुनी ऊंची दर पर मिल रहा है।

पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद कूटनीति की कमान प्रधानमंत्री मोदी ने संभालते हुए युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर आठ खाड़ी देशों संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत,ओमान, कतर, जार्डन, ओमान, बहरीन और इजरायल के नेताओं से बात की। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां और मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम से बात की। इस बातचीत का मकसद वैश्विक हालात पर चर्चा के साथ ही भारतीय हितों को सुनिश्चित करना भी था। इस बीच 'गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल' के महासचिव जासेम मोहम्मद अल बुदैवी से फोन पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बात की है। इस बातचीत का मकसद खाड़ी देशों के इस संगठन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के साथ ही भावी ऊर्जा संकट से भारत को मुक्ति दिलाने को लेकर रणनीति बनाना भी है। इसके पहले मंत्री हरदीप पुरी ने कतर की यात्रा की थी। दरअसल भारत इन देशों से भी पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बढ़ाना चाहता है। भारत की कोशिश ईरान के विकल्प के रूप में अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों का भी सहयोग हासिल करने की है। भारत को अपनी खेती के लिए रासायनिक खाद की भी जरूरत पड़ती है। भारत में खाद उत्पादन के लिए पेट्रोलियम पदार्थों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है।

बेशक रूस से भारत को कच्चा तेल और खाद की सामग्री मिल रही है, लेकिन भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। इसकी वजह यह है कि किसी एक देश पर किसी खास आयात के लिए पूरी तरह निर्भर होना भविष्य में ब्लैकमेलिंग की वजह बन सकता है। भारत के पास आज करीब साठ करोड़ का ऐसा विशाल मध्य वर्ग है, जिसकी खरीद क्षमता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शायद ही कोई उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादक देश ऐसा होगा, जिसे भारत की जरूरत महसूस नहीं होगी। लेकिन भारत की अपनी जरूरतें भी हैं और यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरातफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इससे महंगाई भी बढ़ती है। महंगाई बढ़ने से लोक के बीच नाराजगी बढ़ती है और फिर यह गुस्सा राज व्यवस्था के खिलाफ आंदोलनों के रूप में मुखर होता है। तेल और ईरान संकट को देखते हुए भारत ने कूटनीतिक कार्रवाई करते हुए जिस तरह अपनी जरूरतों के लायक आपूर्ति का संतुलन बनाए रखा है, वह गौर करने लायक है।

# नोएडा में क्यों हिंसक हुआ कर्मचारियों का प्रोटेस्ट, आंदोलन या साज़िश

पिछले तीन-चार दिन से हम देख रहे हैं कि श्रमिक हड़ताल कर रही हैं। प्रोटेस्ट कर रही हैं। उनकी मांग है कि उनका वेतन बढ़ाया जाए। उनकी मांग है कि ओवरटाइ का उनको पैसा दिया जाए। उनकी मांग है कि उनको वीकली ऑफ दिया जाए और सम्मानित तरीके से उनको काम करने दिया जाए। उनका शोषण ना हो। उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। 13 अप्रैल को सुबह-सुबह यानी अगर आज सुबह का मैं जिक्र करूं तो देखते ही देखते नोएडा के अलग-अलग क्षेत्रों में ये जो साइलेंट प्रोटेस्ट चल रहा था, यह अचानक से उग्र हो गया। कितना उग्र हो गया गाड़ियां जला दी गई। जो तस्वीरें सामने आई है उसको देखने के बाद अंदाजा लगाया जा सकता है। जोर-जोर से नारे लगाए जा रहे हैं। यह प्रदर्शन देखते ही देखते उग्र हो गया। जो लोग अपने ऑफिसों के लिए निकले थे वो अपने ऑफिस नहीं जा पाए। पुलिस बल वहां पर तैनात कर दिया गया और स्थिति को कुछ ऐसा दिखाने की कोशिश की गई कि सब कुछ आउट ऑफ कंट्रोल है।

कर्मचारियों की जो प्रमुख मांगे हैं : प्रदर्शनकारी लंबे समय से वेतन वृद्धि और कामकाज की जो परिस्थितियां है उसमें सुधार करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में मौजूदा वेतन पर्याप्त नहीं है जिससे उनका जीवन यापन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों की जो प्रमुख मांगे हैं उसमें मिनिमम जो सैलरी है वह 13,000 से बढ़ाकर 20,000 करने को कहा गया है। साथ ही साथ ओवरटाइ का पेमेंट किया जाए और छुट्टियों के लिए अलग से प्रोविजन को शामिल किया जाए। यह उनकी प्रमुख मांगे हैं। व स्थिति बिगड़ने पर पुलिस और प्रशासन जो है वह हरकत में आया। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की गई। हालांकि जब भीड़ काबू से बाहर होती नजर आई तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर किया। इस दौरान आंसू गैस के गोले का भी इस्तेमाल किया गया। कई स्थानों पर हालात धीरे-धीरे अब सामान्य होने लगे हैं। लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। एक दिन पहले जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों ने कर्मचारियों के जो प्रतिनिधि हैं उनके साथ एक मीटिंग की थी। इस मीटिंग में उनकी मांगों पर विचार करने और समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद भी कर्मचारियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। अधिकारी का कहना है कि किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी।

प्रशासन ने की शांति की अपीलः इससे पहले 12 अप्रैल को गौतम बुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम ने नोएडा प्राधिकरण में एक मीटिंग ली थी जिसमें प्रमुख सचिव श्रम और यूपी के जो लेबर कमिश्नर हैं वह भी

**प्रदर्शनकारी लंबे समय से वेतन वृद्धि और कामकाज की जो परिस्थितियां है उसमें सुधार करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में मौजूदा वेतन पर्याप्त नहीं है जिससे उनका जीवन यापन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों की जो प्रमुख मांगे हैं उसमें मिनिमम जो सैलरी है वह 13,000 से बढ़ाकर 20,000 करने को कहा गया है**



इसमें वर्चुअली शामिल हुए थे। इस मीटिंग में जो कर्मचारी हैं उनके हितों की सुरक्षा, ओवरटाइ का दुगना भुगतान, बोनस, वीकली ऑफ और वर्क बेस, सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर बातचीत की गई थी। इसके बाद कर्मचारियों से अपील करते हुए डीएम मेधा रूपम ने एक वीडियो भी पोस्ट किया था। आपको सुनवाते हैं। सभी श्रमिक भाई बहनों से यह मेरी अपील है कि आप सब शांति पूर्वक अपने अपने कार्यस्थल पर जाएं और कार्य करें। साथ में आपसे यह भी अपील है कि जिले का सौहार्द बनाए रखें व कानून व्यवस्था भी बनाए रखें।

इसके साथ-साथ आपसे यह भी अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से प्रभावित नहीं हो। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद भी नोएडा में कर्मचारियों की मांगे अब भी बरकरार हैं। अभी भी कोई समाधान नहीं निकला है। जिसकी वजह से सोमवार को यह जो प्रोटेस्ट है वो हिंसक हो गया और आगजनी जगह-जगह की गई है। इससे पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी आधा दर्जन से ज्यादा कंपनियों के जो कर्मचारी हैं प्राइवेट कंपनी उनके कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। बाद में हरियाणा सरकार की तरफ से मिनिमम वेतन या जो कि मिनिमम वेजेस होते हैं उनकी दरों में करीब 35% का इजाफा करने की बात कही गई थी जो कि 1 अप्रैल से एप्लीकेबल होगा। इसके तहत अनस्किल्ड वर्कर का वेतन 11,275 से बढ़ाकर 15,220 किया गया। सेमी स्किल्ड वर्कर का वेतन 12,430 से बढ़ाकर 16,780, स्किल्ड वर्कर का वेतन 13,704 से बढ़ाकर 18,500 और हाईली स्किल्ड वर्कर का वेतन 14,389 से बढ़ाकर 19,425 करने की बात कही। यही मांग नोएडा में भी जो कर्मचारी हैं, वह कर रहे हैं।

श्रमिकों का वेतन को लेकर योगी का ऐलानः औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समय पर और सम्मानजनक पैसे देने के निर्देश दिए हैं। शनिवार देर शाम आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के बीच उभर रहे असंतोष और हालिया प्रदर्शनों का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अगले 24 घंटे के भीतर औद्योगिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और इकाई प्रबंधन से सीधा संवाद स्थापित करें और समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी जनपदों में श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए । उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक श्रमिक को सुरक्षित, सम्मानजनक और मानवीय कार्य वातावरणमिलना चाहिए। उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विश्रामगृह, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रत्येक औद्योगिक इकाई की अनिवार्य जिम्मेदारी है। योगी जी ने यहां तक कहा है कि भाई सारे कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी और ये कहा था कि आप अपने यहां वर्क आवर कम कीजिए। लेबर लॉस का पालन कीजिए। यह सब हुआ है। उसके बाद ये प्रोटेस्ट शुरू हुआ।

नोएडा आंदोलन पर क्या बोले अखिलेशः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेरठ के सेंट्रल मार्केट में हो रही तोड़फोड़ के साथ आंदोलन और नोएडा में श्रमिकों की हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ पूंजीपतियों का पोषण कर रही है और श्रमिकों, छोटे व्यापारियों का शोषण कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का 'भ्रष्टाचार का पेट सुरसा के मुंह जैसा है' और जो व्यापारी आज भाजपा के साथ खड़े हैं, वे भी जल्द ही इनकी गलत नीतियों का शिकार बनेंगे। अखिलेश यादव ने 1857 की क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि मेरठ एक बार फिर इतिहास दोहराएगा। कहा कि 1857 के बाद अब मेरठ से एक और स्वतंत्रता आंदोलन जन्मेगा, जो आज के साम्राज्यवादी सत्ताधारी गिरोह के खिलाफ होगा। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले काले कानूनों से खेती-किसानी खत्म करने की कोशिश की और अब मल्टीनेशनल कंपनियों के इशारे पर भारत का परंपरागत व्यापार खत्म कर रही है ताकि अर्थव्यवस्था पर चंद खरबपतियों का कब्जा हो जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड से शेरघाटी तक शराब तस्करी का नेटवर्क बेनकाब, सप्लाई चेन खंगाल रही पुलिस

संवाददाता

**गयाजी शेरघाटी:** शेरघाटी थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गोपालपुर गांव के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 50 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान एक बाइक सवार युवक संदिग्ध स्थिति में पाया गया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में बाइक से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद हुई। पकड़ा गया आरोपी झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत हंटरगंज का निवासी संतोष चौधरी है।

प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि शराब की खेप हंटरगंज से शेरघाटी लाई जा रही थी, जिससे अंतरराज्यीय तस्करी की आशंका मजबूत हो गई है. पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की सप्लाई किन-किन जगहों पर की जानी थी और इस धंधे में और कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

### डुमरिया फीडर से छह घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

संवाददाता

**गयाजी, डुमरिया:** इमामगंज ग्रिड से निकलने वाली 33 केवी डुमरिया फीडर में मरम्मत व तार बदलने का कार्य किया जा रहा है.कनीय अभियंता प्रदीप कुमार साह ने बताया कि प्री-मानसून तैयारी के तहत 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी.इस दौरान डुमरिया फीडर से जुड़े क्षेत्रो में करीब 6 घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहेगी.

### वजीरगंज प्रखंड में स्व. अर्जुन शर्मा की श्रद्धांजलि सभा आयोजित

संवाददाता

**गयाजी वजीरगंज:** प्रखंड के तरवां में स्व. अर्जुन शर्मा की मृत्यु के उपरांत शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीण जनता ने भाग लिया और उनकी तस्वीर पर फुल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि क्रांतिवीर शर्मा, दयानंद शर्मा, सुनील शर्मा, कांग्रेस के वशिष्ठ नेता रामाश्रय्र सिंह, जदयू नेता मो आरिफ हुसैन्र सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे. श्रद्धांजलि सभा में स्व. अर्जुन शर्मा के कार्यों और समाज में उनके योगदान को याद किया गया. मौजूद वक्ताओं ने बताया कि वह एक समर्पित समाजसेवी और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा में समर्पित किया था.

विदित हो कि स्व. अर्जुन शर्मा के पुत्र बिनोद शर्मा जी का आकस्मिक निधन एक वर्ष पूर्व हो गया था, जो विगत दो वर्षों से एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर चयन हुए थे. वह पंचायत समिति सदस्य और जदयू अति पिछड़ा के प्रखंड अध्यक्ष भी थे. वर्तमान में बिनोद शर्मा की पत्नी सुमित्रा देवी तरवां पंचायत की सरपंच हैं. शोक प्रकट करने वालों में जदयू नेता मो आरिफ हुसैन, मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर प्रसाद यादव उर्फ हप्पु यादव, अमरीश कुमार, शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी प्रभाकर कुमार, नंदवंशी उत्थान मंच के प्रखंड अध्यक्ष मनोज नंदवंशी उर्फ विद्या सागर, सदस्य मिथलेश शर्मा, अनिल शर्मा, डॉ. सुधांशु रंजन सहित अन्य लोग शामिल हैं.

### अनुदान का बीज या नुकसान की बुनियाद, शेरघाटी में किसानों का फूटा गुस्सा

संवाददाता

**गयाजी शेरघाटी:** कृषि विभाग द्वारा प्रखंड क्षेत्र में गरमा फसल के लिए मूंग, अरहर और बरंडी के बीज अनुदानित दर पर वितरित किए जा रहे हैं, लेकिन यह योजना अब किसानों के लिए चिंता का कारण बनती जा रही है। जहां एक ओर विभाग इसे किसानों के हित में बड़ी पहल बता रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीज वितरण के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है और अलग-अलग पैकेटों में बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बावजूद इसके, कई किसानों को मिले बीज पर भरोसा नहीं हो रहा है। श्रीरामपुर के किसान लखन महतो ने बताया कि उन्हें जो बीज मिला है, उसके दाने सड़े हुए और काफी छोटे हैं, जिससे फसल की उपज को लेकर आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्षों में भी इसी तरह के बीज से उन्हें नुकसान झेलना पड़ा था।

पौधे तो अच्छे उगे, लेकिन फल नहीं लगे, जिससे मेहनत और लागत दोनों बेकार हो गई। ऐसे में इस बार भी किसान आशंकित हैं और बीज की गुणवत्ता जांच की मांग कर रहे हैं। किसानों का साफ कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो अनुदान की यह योजना उनके लिए लाभ की जगह नुकसान का सौदा बन सकती है।

### नहीं रहे समाजसेवी राजदेव सिंह गांव में पसरा मातम

संवाददाता

**औरंगाबाद** : कुटुंबा ब्लॉक के कझपा गांव निवासी एवं चर्चित समाजसेवी सह साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भटगांव (छत्तीसगढ़) में फोरमैन इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। जो 2004 में रिटायर कर अपने गांव में ही रह रहे थे एवं समाज सेवा कर रहे थे। उनका निधन से एक और जहां गांव में मातम है वही उनकी समाज सेवा को याद कर कर लोगों की आंखें बरबस ही नम हो जा रही है।

वही उनके पुत्र गोविंद सिंह ने बताया कि दिनांक 18/04/26 को को ब्रह्म भोज एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा एवं मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया जाएगा।

### प्रेम नगर हाई स्कूल में जनगणना 2027 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

संवाददाता

**डेहरी/रोहतास:** अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत प्रेम नगर हाई स्कूल में भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन के निर्देशन में किया गया, जिसका उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारु, सटीक एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना है।

कार्यक्रम डॉ. रवि रंजन (प्रखंड विकास पदाधिकारी, अकोढ़ीगोला) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कर्मियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य में संलग्न कर्मियों को डेटा संग्रहण, घर-घर सर्वेक्षण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज की जाए। डॉ. रवि रंजन ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। अतः सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनगणना कार्य से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सह संगोष्ठी का आयोजन





संवाददाता

**बोधगया:** मगध विश्वविद्यालय परिसर में आज महापुरुष विचार मंच के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सह संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, टेकारी विधायक अजय कुमार, मखदुमपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार दास, गया कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं पूर्व विधायक डॉ. कृष्णानंद यादव, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुज कुमार तरुण, भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पिंटू कुमार सहित अनेक प्राध्यापकगण, शिक्षकगण, शोधार्थी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने बारी-बारी से महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी का मुख्य विषय "भारत में सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा : ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका" रहा, जिस पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

टेकारी विधायक अजय कुमार ने कहा कि "ज्योतिबा फुले एवं डॉ. अंबेडकर की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाकर समानता और न्याय की स्थापना करेंगे।" कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि "डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों के सबसे सशक्त प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी हमारे शैक्षणिक और सामाजिक जीवन को दिशा प्रदान करते हैं।

मैं यह विश्वास दिलाता हूँ कि अपने कार्यकाल के दौरान मगध विश्वविद्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके विचारों और संघर्ष से प्रेरणा ले सकें। मगध विश्वविद्यालय शिक्षा के माध्यम से सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और हम इन आदर्शों को संस्थागत रूप देने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे। कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम ने ज्योतिबा फुले के महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व विधायक सतीश कुमार दास ने कहा कि "डॉ. अंबेडकर आधुनिक भारत के निमार्ता हैं, जिनके द्वारा स्थापित मूल्यों का महत्व आज भी हर क्षेत्र में प्रासंगिक है।" वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त असमानता, छुआछूत और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा और सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी, जो आज भी समाज को दिशा दे रही है। छात्र जयदेव मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कुलपति के समक्ष विश्वविद्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी । छात्र नेता दीपक कुमार दांगी ने अपने वक्तव्य में कहा कि "फुले और अंबेडकर के विचार केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान समाज को दिशा देने वाले जीवंत सिद्धांत हैं। शिक्षा और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।" कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता कमलेश कुमार यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार दांगी ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रसार हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्र नेता कमलेश, मुकेश, सनोज कुमार, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, सुजीत कुमार, प्रकाश कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति की बैठक में मनरेगा, नल-जल योजना से लेकर कई मुद्दे पर विस्तार से हुआ चर्चा




संवाददाता

**गयाजी गुरुआ:** गुरुआ प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई.इसका नेतृत्व प्रखंड प्रमुख नीलम कुमारी यादवेंदु ने किया। पंचायत समिति की बैठक में मनरेगा, नल-जल योजना से लेकर कई मुद्दे पर विस्तार से समिति के सदस्यो ने अपनी अपनी बातें रखी. इस दौरान राजन पंचायत के पंसस संगीता देवी ने विद्यालय भवन मुद्दा उठाते हुए कहा कि राजन में ऊर्दू प्राथमिक विद्यालय की भवन नही होने के कारण उक्त विद्यालय पंचायत सरकार भवन में चल रही है जिसके कारण काफी कठिनाई हो रहा है। वहीं सिमारु पंचायत के पंसस खालिद नदीम खान और बेलौटी पंचायत के पंसस गिरिजा शर्मा ने भी कई मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। इस मौके पर बीडीओ सद्दाम हुसैन, सीओ अतहर जमील, उप प्रमुख नागेन्द्र पासवान, बीपीआरओ अविनाश कुमार, सीडीपीओथ शुचिस्मिता पद्म, बीसीओ अक्षय कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुनिल कुमार, कोलौना पंचायत के मुखिया परवेज आलम, राजन पंचायत के मुखिया परमेश्वर चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे.

## आशा भोसले के निधन से संगीत प्रेमियों में शोक की लहर

संवाददाता

**गयाजी, गुरुआ:** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन की खबर से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है.उनके जाने से संगीत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है. गुरुआ के संगीत प्रेमियों में इस दुखद समाचार से मायूसी छा गई है. इस अवसर पर संगीत प्रेमी डॉ. अनिल कुमार, शिक्षक सुनील कुमार वर्मा, इंजीनियर पवन कुमार, बैंक कर्मी पंकज कुमार, रेलवे में कार्यरत औफिसर निरंजन कुमार, मनोज कुमार सिन्हा, विनोद कुमार विभव तथा विनोद



कुमार विंदा ने गहरा शोक व्यक्त किया.सभी ने कहा कि आशा भोसले की मधुर आवाज और उनके द्वारा गाए गए सदाबहार गीत हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे. उन्होंने कहा कि उनकी गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी. उनके निधन को संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया गया.

## गैस की आपूर्ति सामान्य, स्टॉक की कमी नहीं

- बैकलॉग में निरंतर हो रहा है सुधार, 5.7 हुआ बैकलॉग
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही गैस की बुकिंग कराएं उपभोक्ता

संवाददाता

**बेतिया।** अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है। वर्तमान में जिले के पास 26632 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जो उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए सक्षम है। उन्होंने जानकारी दी कि बीते 24 घंटों के भीतर जिले भर में 11649 सिलेंडरों की सफल होम डिलीवरी की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जो बैकलॉग 6 था अब वह 5.7 हो गया है। इसमें निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने जिले की सभी तेल कंपनियों के अधिकारियों और गैस वितरक एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे केवल बुकिंग क्रम के आधार पर ही सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित करें। प्रशासनिक सतर्कता का उल्लेख करते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्राप्त 46 शिकायतों को तुरंत संज्ञान में लिया गया है। इन शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया है ताकि स्थानीय स्तर पर उनका शीघ्र निष्पादन किया जा सके और आम जनता को राहत मिल सके।

जिला प्रशासन ने आम जनता से विशेष अपील की है कि जिले में एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें। आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही गैस की बुकिंग कराएं। अगर नहीं होता है तो वे पहले अपने मोबाइल नंबर का ई केवाईसी करवा लें।

## रामनगर उप डाकघर में खुला पासपोर्ट सेवा केंद्र, स्थानीय लोगो में हर्ष

संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के डाकघर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उद्घाटन बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ किया गया। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिया रंगनाथन, बगहा विधायक राम सिंह, रामनगर विधायक नंदकिशोर राम, डीआईजी हरकिशोर राय समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सांसद सुनील कुमार ने कहा कि अब वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट बनाने के लिए बेतिया और पटना नहीं जाना पड़ेगा। इस केन्द्र के शुरू होने से समय और आर्थिक बचत होगी। यह पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र भारत में 454 वां और बिहार का 38वां है। सचिव विदेश मंत्रालय



प्रिया रंगनाथन ने बताया कि इस केन्द्र में प्रतिदिन 45 पासपोर्ट और 5 पीसीसी अपार्टमेंट स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। भारत में कुल 547 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का व्यापक नेटवर्क स्थापित हो चुका है।

पहली आवेदनकर्ता खुशी कुमारी ने बताया कि यह बहुत ही अच्छा कार्य हुआ है, अब उन्हें पासपोर्ट बनाने के लिए बेतिया, पटना, दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। यह सरकार का बहुत ही अच्छा पहल है।

आज पहले दिन कुल 35 पासपोर्ट आवेदन मिले। इस केन्द्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा होगी। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में रामनगर स्थित इस पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के उद्घाटन के साथ, विदेश मंत्रालय ने नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। यह व्यापक नेटवर्क राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा तथा 'अंतिम छोर तक सेवा पहुंचाने' की अवधारणा को साकार करेगा। इस अवसर पर डीडीसी भैभव नितिन, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी पटना स्वाधा रिजवी,

पोस्टमास्टर जनरल पवन कुमार सिंह, डाक अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, कर्नल रितेश कुमार, बीडीओ अजीत कुमार, इंस्पेक्टर दीपक कुमार, समाजसेवी पिन्टू सिंह, नागेंद्र साह, श्वेता सिंह, सुजल सिंह, संजय मिश्र, राकेश सिंह, पशुपति गुप्ता, अजीत गुप्ता, नंदू प्रसाद, प्रदीप सिंह, रंजन गुप्ता हिरा साह, समेत मंत्रालय के तकनीकि सहयोगी, प्रमुख समेत अन्य स्थानीय प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## जंदाहा-पटना बस सेवा का शुभारंभ - परिवहन मंत्री श्रवण कुमार एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने दिखाई हरी झंडी

### आम जनता को बेहतर एवं आधुनिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : श्रवण कुमार

संवाददाता

**पटना:** जनसुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में बिहार सरकार के माननीय ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्री श्रवण कुमार तथा जदयू के माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जंदाहा से पटना बस सेवा की शुरूआत की। यह नई बस सेवा क्षेत्र की बड़ी आबादी, विशेष रूप से छात्र-छात्राओं, मरीजों एवं रोजगार के उद्देश्य से प्रतिदिन पटना आने-जाने वाले नागरिकों को सुलभ एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना में हताहत हुए तीन व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। साथ ही, प्रशिक्षण प्राप्त छह महिला पिंक बस चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, जीविका समूह द्वारा निर्मित पोशाकों का आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच वितरण किया गया तथा वैशाली



जिले की जीविका दीदियों को 251 करोड़ रुपये का बैंक ऋण प्रदान कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया गया।

इस अवसर पर श्री श्रवण कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि आम जनता को बेहतर एवं आधुनिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग निरंतर कार्यरत है। परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु बड़े पैमाने पर नई बसों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में इसी माह 149 नई डीलक्स बसें बिहार में शीघ्र आने वाली हैं, जिससे क्षेत्रीय आवागमन को और अधिक गति मिलेगी। इनमें 75 वातानुकूलित बसें शामिल हैं, जो अंतरराज्यीय मार्गों पर चलेंगी, जिससे अन्य राज्यों में रहने वाले बिहारवासियों को, विशेषकर पर्व-त्योहारों के दौरान एवं अन्य पारिवारिक कारणों से आवागमन में सुविधा होगी।

उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा 400 इलेक्ट्रिक बसों को भी शीघ्र ही बिहारवासियों को समर्पित किया जाएगा, जो आवागमन को सुलभ बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके अतिरिक्त, आधुनिक सुविधाओं से युक्त 6 T5 बस अड्डों के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा टेंडर जारी किया जा चुका है। पटना, नालंदा सहित कई प्रमुख स्थलों पर इन बस अड्डों का निर्माण किया जाएगा।

साथ ही, परिवहन विभाग की भूमि पर 16 अन्य ळ5 बस अड्डों के निर्माण की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। इन बस अड्डों के ग्राउंड फ्लोर पर बसों का ठहराव होगा, जबकि ऊपरी मंजिलों पर व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। अभी राज्य में कुल 100 पिंक बसें चल रही हैं। परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पिंक बसों के संचालन हेतु 250 महिला चालकों और 250 महिला संवाहकों की नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से जारी है।

## ग्रामीण चिकित्सकों के प्रैक्टिस पर रोक लगाने की बजाय ऑप्शनल रखने की संघ ने सरकार से लगाई गुहार : डॉक्टर शर्मा

संवाददाता

जनजीवक कल्याण चिकित्सा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे जी से अनुरोध किया है कि ग्रामीण चिकित्सकों के तथा जनहित को समझते हुए अपने संकल्प को शिथिल करते हुए ग्रामीण चिकित्सकों के प्रैक्टिस पर रोक लगाने की बजाय ऑप्शनल रखने की सरकार से मांग की है उन्होंने कहा कि इस संकल्पप्रस्ताव को लेकर प्रदेश के ग्रामीण चिकित्सक संगठनों मैं मतभेद उभर कर सामने आया है ग्रामीण चिकित्सकों में स्वास्थ्य सेवा के इन्हीं ग्रामीण चिकित्सकों की ओर से बेहतर सेवा प्रथम उपचार कर गरीब गुरुओं को मृत्यु से बचने का कार्य करते हुए सरकारी अस्पतालों में भेज कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं इस बेहतर कार्य के लिए बेहतर सम्मान के हकदार हैं .

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने इस निर्णय के ऊपर चिंता जताते हुए कहा कि माननीय विकास पुरुष श्री नीतीश कुमार जी ने जनहित में निर्णय लेकर परिपक्व बनाने के उद्देश्य से एनआईओएस एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्व प्रधान में संकल्प लेकर ही प्रशिक्षण दिलाने का घोषणा की थी और फार्म भी भर गया परीक्षा देकर तकरीबन 40 हजार हजार प्रशिक्षित हुए बताते चलें कि एनआईओएस भारत सरकार के उपक्रम है इसकी मान्यता से स्कूली शिक्षा दी जाती है.

जिसे सरकार भी मान्यता देती है इसे अनिवार्य समझते हुए स्वास्थ्य मंत्री जी से गुहार लगाते हुए नंबर निवेदन जनहित में कार्य करने दिया जाए बेरोजगारी इससे दूर होगी भजन पोषण भी इसी योजना के साथ काबिल है उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि कोरोना कल में सरकार की ओर से भी इन्हें ट्रीटमेंट सपोर्टर के रूप में रखा गया और कार्य भी किया उसके बदले भट्ट भी दी गई बिना जान की परवाह किए यह जान बचाने का कार्य किया आरोग्य समझ कर रोक लगाने झोलाछाप कहानी जैसे शब्दों से ग्रामीण चिकित्सा के चिंतित एवं मरवाहित हैं.

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन को सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया

संवाददाता

**नालंदा।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन को सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकताओं के साथ सुना गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश नेत्री सुषमा शाहू और जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सहित पटना के नमो ऐप जिला संयोजिका नेहा पोद्दार उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुषमा शाहू ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा आज का यह ऐतिहासिक अवसर बेहद गौरवशाली है। पी एम मोदी ने अपने संबोधन में देश की बेटियों और नारी शक्ति के सशक्तिकरण पर उनके कुशल नेतृत्व में किए गए अभूतपूर्व कार्यों को विस्तृत जानकारी दी है। पी एम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश अब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा करते हुए सुषमा शाहू ने कहा कि यह बिल 1996 से अधर में लटका



हुआ था उसे प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2023 में पारित करवा कर महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। जब यह कानून पूर्ण रूप से धरातल पर उतरेगा, तब सदन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व रूप से बढ़ेगी। महिला सांसदों की संख्या 273 तक पहुंच जाएगी। आने वाले समय में जब सदन में महिलाओं की आवाज और मुखर होगी, तब देश के लोकतंत्र में एक नया इतिहास रचा जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। जब महिलाएं नेतृत्व संभालती हैं, तो उनका उद्देश्य केवल पद पाना नहीं बल्कि अपने क्षेत्र के हर घर का विकास सुनिश्चित करना होता है। एक महिला जनप्रतिनिधि की सोच हमेशा यही रहती है कि उसके गांव में कोई भी गरीब न रहे और हर बच्चा प्रगति करे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व 2014से लगातार अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ती के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिससे लाभान्वित होकर देश के करोड़ों गरीब, पीछड़े. महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की गश्ती बढ़ाई गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार हाल के दिनों में कई मामलों में अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है, जिससे अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगा है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और विवादों में कानूनी रास्ता अपनाएं।

### गोलीबारी मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को कोंदी गांव में गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जांच के दौरान मनीष कुमार उर्फ लेवा, पिता हरिराम सिंह को इस घटना में शामिल पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने से घायल रजु कुमार (23 वर्ष) को पहले बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

संवाददाता

बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना क्षेत्र के साहबेगपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। यह घटना 7 अप्रैल 2026 को हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय यादव, विवेक कुमार, मुन्ना देवी, शिवानी कुमारी, विकास कुमार, माया राम यादव और गुड्डी देवी शामिल हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया

संवाददाता

बाढ़ अनुमंडल के एनटीपीसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर सहायक थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम ढिबर जिगरिया टोला में छापेमारी की। इस दौरान मुकेश कुमार, पिता तानो पासवान को पकड़ा गया।

तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले दर्ज हैं। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अवैध हथियार कहां से लाया गया था।

### राज्य में यूरिया का है पर्याप्त स्टॉक, इसका सही इस्तेमाल करें: कृषि निदेशक

संवाददाता

**पटना:** कृषि निदेशक ने उर्वरक विक्रेताओं से कहा कि राज्य में 2.84 लाख टन यूरिया का स्टॉक है। हमें बस इसका सही इस्तेमाल करना है। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि उर्वरक पर नियंत्रण रखें और इस बात का ध्यान दें कि पूरी जांच पड़ताल और जरूरत के मुताबित ही उर्वरकों की बिक्री करें। वे कृषि मंत्री राम कृपाल यादव के निर्देश पर सोमवार को कृषि भवन मीठापुर में बिहार के सभी प्रमुख उर्वरक विक्रेताओं एवं उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस बैठक में उन्होंने कहा कि वैकल्पिक उर्वरक का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उर्वरकों पर निर्भरता कम हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक मिले। कृषि निदेशक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर कोई थोक विक्रेता या दुकानदार या कोई पदाधिकारी गलत करता है, तो उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने इस बारे में पदाधिकारियों से भी सावधानी बरतने के लिए कहा। बैठक में कहा गया कि उर्वरक निमार्ता कंपनियां और थोक विक्रेता उर्वरकों के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग नहीं करें। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए अभी फसल मौसम नहीं है तो राज्य और जिला स्तर पर उर्वरकों का भंडारण और संरक्षण करें। इस बैठक में सभी जिलों से 5-5 थोक विक्रेता और सभी उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### 1.21 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

संवाददाता

**बाढ़** थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.21 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला वर्ष 2022 का है, जिसमें कालिंदी कुमारी ने बाढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1, 21, 08, 000 रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरज कुमार उर्फ अरविंद कुमार, निवासी थरथरी डीह, जिला नालंदा को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार था। पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### चोरी की कोशिश नाकाम

संवाददाता

**बाढ़** अनुमंडल के जलगोविंद इलाके में चोरी की एक कोशिश नाकाम हो गई। देर रात दो हथियारबंद चोर कुरियर कंपनी के गोदाम का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेंटर लॉक नहीं खोल सके और खाली हाथ लौट गए। सीसीटीवी फुटेज में दोनों की हरकत कैद हो गई है। बताया गया कि करीब आधे घंटे तक उन्होंने शटर के साइड लॉक तोड़कर सेंटर लॉक खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। सुबह गोदाम संचालक ने टूटे ताले देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और पाया कि गोदाम का सामान सुरक्षित है।

### राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में हुआ विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम

संवाददाता

**रजौली।** सोमवार को रजौली प्रखंड के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय रजौली में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सत्येंद्र कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विमल राजवंशी, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम शुरूआत से पहले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

# अप्रैल से अम्बेडकर छात्रावासों के छात्रों को मिलेगा दोगुना अनुदान: सम्राट चौधरी

▸ बापू सभागार में अम्बेडकर समग्र शिक्षा समागम आयोजित ▸ मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को दिया गया पुरस्कार

संवाददाता

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में 91 डॉ. आंबेडकर आवासीय विद्यालय और 139 छात्रावास संचालित हैं। यहां के छात्रों को आवासन एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। अप्रैल महीने से इन छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को अनुदान की राशि दोगुनी हो जाएगी।

प्रति छात्र 1 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रति महीने हो जाएगी। वे पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित डॉ भीमराव अम्बेडकर समग्र शिक्षा समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे।

इस मौके पर उन्होंने राज्य के 91 डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालयों के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-



छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही पटना के गायघाट स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय की इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 123 छात्राओं को भी सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए 6 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

उप-मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं, अनुशासन और परिश्रम को अपनाएं तथा बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर समानता और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दें। बाबा साहेब का जीवन और उनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने विभाग की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत अब 30 हजार से 1 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है, जिससे अब तक 6223 अभ्यर्थी लाभान्वित हो चुके हैं। प्रदेश के 38 जिलों में बालिकाओं के लिए 100 सीटों वाले छात्रावासों का निर्माण चल रहा है।

विभाग के अपर सचिव गौतम पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे। साथ ही उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, संजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, मदन साहनी, रामकृपाल यादव, सुनील कुमार, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, विधायक संजीव कुमार चौरसिया, निदेशक प्रियंका रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी दीवान जाफर खान, समेत विभागीय पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## बिहार म्यूजियम बनेगा स्किल हब

### आर्कियोलॉजी, म्यूजियोलॉजी और डिजाइनिंग के शॉर्ट टर्म कोर्स जल्द होंगे शुरू

संवाददाता

**पटना:** राजधानी में मौजूद बिहार म्यूजियम अब सिर्फ ऐतिहासिक धरोहरों का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि यह युवाओं के लिए कौशल विकास का नया हब बनने जा रहा है। म्यूजियम में जल्द ही आर्कियोलॉजी, म्यूजियोलॉजी और डिजाइनिंग कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इन कोर्सों की अवधि 3-3 महीने रहेगी। यह पहल पहली बार की जा रही है, जिससे इन विषयों में रुचि रखने वाले युवाओं को नया अवसर मिलेगा।

इन सभी कोर्स को शुरू करने के लिए बिहार कौशल विकास मिशन के साथ बातचीत चल रही है। योजना के अनुसार, सभी कोर्स तीन महीने की अवधि के होंगे। इन कोर्सों को एक्सपर्ट की टीम पढ़ाएगी। डिजाइनिंग कोर्स के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) जैसे संस्थानों से बातचीत की जा रही है। वहीं, आर्कियोलॉजी और म्यूजियोलॉजी के लिए बिहार म्यूजियम में पहले से कार्यरत विशेषज्ञ ही प्रशिक्षण देंगे। बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पहल युवाओं की बेरोजगारी को खत्म करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। उनका कहना है कि इन कोर्सेज के माध्यम से युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल मिलेगा, जिससे वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा म्यूजियम ने अनंत यूनिवर्सिटी के साथ भी एक समझौता (एमओयू) किया है।

संभावना है कि डिजाइनिंग कोर्स के लिए वहां से भी विशेषज्ञ बुलाए जा सकते हैं। कोर्स पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जो उन्हें विभिन्न संस्थानों और क्षेत्रों में नौकरी पाने में मदद करेगा। इच्छुक युवा इन कोर्सेज के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## हमें खुद से प्यार करना आना चाहिए : मणिका विश्वकर्मा

### आपदा प्रबंधन मंत्री ने किया नारी शक्ति संवाद 2026 का उद्घाटन

संवाददाता

**पटना।** सगुना मोड़ स्थित एक होटल में पैम्पर एन्ड केयर फाउंडेशन द्वारा नारी शक्ति संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला व युवा लड़कियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मणिका विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। मणिका ने कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में महिलाओं को काफी समस्याएं हैं, उन पर खुलकर बात करनी चाहिए। सबसे पहले हमें खुद से प्यार करना आना चाहिए। एक




महिला चाहें तो दुनिया बदल सकती है। पहली बार बिहार आने पर उन्होंने बिहार को एतिहासिक रूप से समृद्ध बताया। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में अपार प्रतिभाएं हैं, बस जरूरत है उन्हें संभालने की। उन्होंने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित के मुद्दे को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के आयोजक ज्ञान रंजन ने बताया कि नारी शक्ति संवाद 2026 का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल पीआर डायरेक्टर सर्वेश कश्यप ने इस कार्यक्रम को महिला सशक्तिकरण व जागरूकता के उद्देश्य से सबसे बेहतर बताया। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना सिंह, मनोवैज्ञानिक एवं मोटिवेशनल स्पीकर अंकिता, प्रधानाचार्य टिंकी गिरी ने ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## मिस यूनिवर्स एवं मिस टीन बिहार 2026 का सफल आयोजन

### मिस यूनिवर्स इंडिया में खगड़िया की रुपाली करेगी बिहार का प्रतिनिधित्व

संवाददाता

**पटना।** सिटी कार्ट व संभ्रांत सिटी प्रजेंट्स मिस यूनिवर्स बिहार व मिस टीन बिहार 2026 का सफल आयोजन किया गया। ये आयोजन विश्व की सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट मिस यूनिवर्स के लिए मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा लोकल टैलेंट को मौका मिले। इस उद्देश्य से राज्य स्तर पर स्टेट ऑडिशन का आयोजन किया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया में खगड़िया की रुपाली भूषण बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। रविवार को मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा राजधानी के निफ्ट कैम्पस में ऑफिसियल ऑडिशन



आयोजित था। ऑडिशन में बिहार के कोने-कोने से आई कई टैलेंटेड लड़कियों के बीच रुपाली ने बाजी मारी है। इस प्रतियोगिता को जीतने के बाद वो सीधे तौर पर मिस यूनिवर्स इंडिया में बतौर फाइनलिस्ट नजर आएंगी व बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं मिस टीन बिहार का खिताब 2026 प्रीति राज को मिला। उपरोक्त ऑडिशन के दौरान जज में रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 व देश की टॉप मॉडल माणिका विश्वकर्मा, मिस यूनिवर्स बिहार 2025 शाम्भवी चौधरी, मिस यूनिवर्स इंडिया के डायरेक्टर अमजद खान और मिस यूनिवर्स बिहार के डायरेक्टर नीतू कुमारी मौजूद रहें। संभ्रांत सिटी व सिटी कार्ट एवं अमीनो पेट केयर बिहार में इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने मीडिया संबोधन में कहा कि बिहार राज्य ऑडिशन के विजेता को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में सीधे प्रवेश मिलेगा। बता दें कि खगड़िया की रहनेवाली रुपाली भूषण ने मिस यूनिवर्स बिहार का खिताब अपने नाम किया है। वहीं बेगूसराय की निकिता फर्स्ट रनर रहीं और सेकेंड रनरअप खुशी रही, जो पटना से हैं।

यह तीसरा वर्ष है जब मिस यूनिवर्स इंडिया के लिए बिहार आधिकारिक राज्य के तौर पर ऑडिशन की मेजबानी कर रहा है। प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर चमकने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुनर चमकाने का अवसर देता है। मिस यूनिवर्स इंडिया 25 मणिका विश्वकर्मा ने कहा बिहार अद्भुत है यहां के प्रतिभागियों में गजब का टैलेंट है। यहां की विजेता अब राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार को रिप्रेजेंट करेगी।

## ग्रामीण सड़कों के गुणवत्ता की होगी सख्त मॉनीटरिंग, 20 योजनाओं की जांच प्रति महीने

### अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय



संवाददाता

**पटना:** बिहार में ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। किसी निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जीरो टॉलरेंस और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने को लेकर सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग के सभागार में अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में प्रयोगशाला, प्रमंडल एवं अंचल स्तर की जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण इकाई के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न इस बैठक में निर्माण कार्यों की निरंतर निगरानी, आधुनिक गुणवत्ता परीक्षण और विभागीय जवाबदेही तय करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी गुणवत्ता नियंत्रण पदाधिकारियों को हर महीने कम से कम 20 निमार्णाधीन पथों या पुलों की सघन जांच करना अनिवार्य होगा। पूर्ण पारदर्शिता के लिए अधिकारियों को कार्यस्थल की जियो-टैग तस्वीरों और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट के साथ एमआईएस पोर्टल पर अपनी रिपोर्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा। निगरानी तंत्र को अधिक सख्त करते हुए विभाग ने स्पष्ट किया है कि रूटीन निरीक्षण की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर अपलोड करना होगा और जन शिकायतों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से मुख्यालय को समर्पित करना होगा। इसके साथ ही, पीक्यूसी कार्यों में कंक्रीट की मजबूती परखने के लिए ढलाई के समय ही कार्यस्थल से नमूना लेना आवश्यक होगा, जिसकी पूर्व सूचना संबंधित अधिकारियों को देनी होगी।

ग्रामीण कार्य विभाग का यह कदम राज्य में उच्च स्तरीय एवं टिकाऊ ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण सुनिश्चित करेगा।

## सामर्थ्य क्लासेज द्वारा आयोजित 'सामर्थ्य शिक्षा समागम 2026' का भव्य आयोजन सम्पन्न

▸ यह संस्थान JEE, NEET, Olympiad एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए जाना जाता है ▸ वर्ष 2025 में ओलंपियाड के माध्यम से बिहार एवं भारत को गोल्ड मेडल दिलाकर विशेष पहचान बना चुका है: सुमित कुमार

संवाददाता

**पटना:** बिहार के शिक्षा जगत में अपने उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रसिद्ध "सामर्थ्य क्लासेज" द्वारा 'सामर्थ्य शिक्षा समागम 2026' का भव्य आयोजन, बेली रोड, पटना स्थित मान्या रिसोर्ट में किया गया' कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन सुमित कुमार (B.Tech, IIT बॉम्बे) ', शहनवाज अहमद (स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट, बिहार), डॉ. शिखा प्रिया (MBBS, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सीनियर रेजिडेंट, PMCH), डॉ. ऋचा पांडेय (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. रोहित कुमार (MBBS, MD – पैथोलॉजी, Founder – Prototype Labs), डॉ. रोहित सिंह (पैथोलॉजिस्ट) एवं युथ होस्टल्स एसोसियेशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य शाखा के




उपाध्यक्ष सुधीर मधुकर आदि ने संयुक्त रूप से पंचदीप प्रज्ज्वलित कर किया 'संस्थापक एवं चेयरमैन सुमित कुमार सभी गणमान्य अतिथियों के साथ साथ संस्थान के सफल विद्यार्थियों को भी अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ' अपने संबोधन में श्री सुमित कुमार ने संस्थान के उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह संस्थान खएए, NEET, Olympiad एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए जाना जाता है तथा वर्ष 2025 में ओलंपियाड के माध्यम से बिहार एवं भारत को गोल्ड मेडल दिलाकर विशेष पहचान बना चुका है। कार्यक्रम में पटना के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षाविदों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन में संस्थान के पूर्व सफल विद्यार्थियों—पाणिनि (IIT दिल्ली, JEE Advanced AIR-273), सलोनी राज (MBBS, PMCH), उत्कर्ष (B.Tech, IIT बॉम्बे) एवं सुन्दरम् (NIT पटना) सहित अन्य छात्रों—को सम्मानित किया गया। ये सभी विद्यार्थी वर्तमान में IIT, NIT, AIIMS एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्राप्त हुई। सामर्थ्य क्लासेज वर्तमान में मंगलम मोड़, बेली रोड, पटना तथा सीता चौक, हाजीपुर में संचालित है और निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता की ओर अग्रसर कर रहा है।

## माता-पिता के प्रति श्रद्धा सनातन संस्कृति का मूल तत्व : डॉ प्रेम कुमार

संवाददाता

**औरंगाबाद** : बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने औरंगाबाद जिले के बारून में प्रख्यात समाजसेविका अरुणलता सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि माता-पिता के प्रति श्रद्धा भारतीय सनातन संस्कृति का मूल तत्व और हमारी संस्कृति में पितृ ऋण चुकाना पुत्र का दायित्व है। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा के दोनों पुत्रों कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट के पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए योगदान की भी चर्चा की।

डॉ कुमार ने कहा कि समाज के लिए अच्छा करने वाले लोगों को हमेशा याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद, राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसके बाद समाज सेवा । उन्होंने लोगों से राष्ट्र - समाज के लिए बेहतर करने की अपील की। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार कमल किशोर - श्रीराम अम्बष्ट द्वारा अपने स्मृतिशेष माता-पिता की प्रतिमा का स्थापना किया जाना एक प्रशंसनीय कार्य है और, इस प्रकार उन्होंने अपने जन्मदाताओं को




सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लाला शंभूनाथ और स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा का परिवार पत्रकारिता, प्रशासन, चिकित्सा, तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस परिवार को यह प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी स्व. अरुणलता सिन्हा को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी प्रेरणा से उनके परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा और उपलब्धियां की चर्चा की। रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में जब मूल्य का पतन हो रहा है ऐसी स्थिति में कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट द्वारा अपने माता-पिता को ऐसा सम्मान दिया जा रहा है। समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को नगर परिषद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए स्व अरुणलता सिन्हा के पुत्र एवं राज्य के वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने अपनी मां अरुणलता सिन्हा और अपने पिता लाला शंभूनाथ के जीवन का वर्णन किया और उनसे मिले मार्गदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार इन दोनों के आदर्शों पर चल रहा है और समाज को हमेशा इस परिवार ने कुछ देने की कोशिश की है। कार्यक्रम का संचालक शंकर कैमूरी ने किया। मौके पर जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, अधिवक्ता संघ के महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, ऑल इंडिया हॉकर्स फोरम के राष्ट्रीय सचिव इरफान अहमद फातमी, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू, पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्र, डॉ चंदन कुमार, डॉ निर्मल कुशवाहा, पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रसाद सिंह, हजारी सिंह, अनिल टाइगर, अनिल यादव, विभूति नारायण पांडेय, सुरेन्द्र कुमार सिंह, उपेन्द्र यादव, मिथिलेश दीपक अभिषेक कुमार, राजकिशोर गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, बीके श्रीवास्तव, मैकू राम, प्रकाश सिन्हा, डॉ वैभव श्रीवास्तव, डॉ स्वदीप श्रीवास्तव, भूपेन्द्र सिंह, कौस्तुभ, साकेत अंबष्ट सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सशक्त देश की सशक्त नारियों ने सुनी नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सीधा प्रसारण



संवाददाता

**औरंगाबाद** : नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" में औरंगाबाद के शुभम इंटरनेशनल होटल कुंडा हाउस के हॉल में सीधा प्रसारण के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नेत्रियों ने शामिल होकर इस गौरवपूर्ण क्षण का साक्षी बने। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। तथा सभी कार्यकताओं ने एकमत में कहा कि नारी शक्ति केवल समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त प्रेरणा भी है। "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" इसी संकल्प का साकार रूप है, जो महिलाओं को समान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। नारी वंदन विधेयक के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अधिक अवसर प्रदान करना, वास्तव में लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, सशक्त और प्रगतिशील बनाने का कार्य करेगा। यह पहल न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि हमारे देश और समाज को सबल एवं सदृढ बनायेगा। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गुड़िया सिंह, सुमन अग्रवाल, जुलेखा खातून, संजीता गुप्ता, स्वीटी गुप्ता, उषा सिंह, शोभा सिन्हा, पूजा सिंह, सुनिता कुमारी, मधु देवी, रेखा सिंह, सृष्टी, कमला देवी, संध्या देवी, गुड़िया देवी, सुजाता देवी, सोनम देवी, बबिता देवी के साथ सैकड़ो महिलाओ शामिल हुई।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रियंका गोस्वामी के दम पर भारत की लंबी छलांग, वर्ल्ड एथलेटिक्स रेस वॉकिंग में चीन को पछाड़कर 5वें स्थान पर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रियंका गोस्वामी ने रविवार को विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल चैंपियनशिप में भारतीय महिला मैराथन टीम का नेतृत्व करते हुए टीम को सम्मानजनक पांचवां स्थान दिलाया। प्रियंका ने तीन घंटे 43 मिनट एक सेकंड का समय निकालकर व्यक्तिगत स्पर्धा में 10वां स्थान हासिल किया। पायल ने 3:59:50 के समय के साथ 26वां स्थान प्राप्त किया, जबकि मंजू रानी 4:05:22 के समय के साथ 30वें स्थान पर रहीं। भारत ने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर कुल मिलाकर टीम स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया।

पाउला टोरेस ने व्यक्तिगत महिला मैराथन रेस वॉक जीतकर इक्वाडोर को टीम खिताब दिलाया। इटली दूसरे स्थान पर रहा, जबकि मेजबान ब्राजील और चीन ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। राम बाबू ने पुरुष मैराथन रेस वॉक में 3:13:55 का समय लेकर 17वां स्थान हासिल किया। संदीप कुमार ने 3:15:41 के समय के साथ 20वां स्थान प्राप्त किया। भारत ने पुरुष टीम स्पर्धा में स्थान नहीं बनाया, क्योंकि टीम में केवल दो ही खिलाड़ी थे और टीम परिणाम के लिए तीन खिलाड़ियों का स्पर्धा को पूरा करना जरूरी होता है। हयातो कात्सुकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत पुरुष रेस जीतकर जापान को टीम वर्ग में पहला स्थान दिलाया।

इटली ने पुरुष टीम स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि 2024 के विजेता स्पेन को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, प्रत्येक देश अधिकतम पांच खिलाड़ियों को उतार सकता है, लेकिन टीम परिणाम के लिए केवल शीर्ष तीन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ही गिना जाता है। किसी देश को टीम रैंकिंग में शामिल होने के लिए कम से कम तीन खिलाड़ियों का रेस पूरा करना जरूरी होता है, अन्यथा वह टीम प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाती है।

## मास्टर्स टूर्नामेंट पर रोरी मैक्लरॉय का फिर से कब्जा, लगातार दूसरी जीत से की टाइगर वुड्स के रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूनामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं। मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफलर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए। उन्होंने बाद में कहा, ''पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय।'' अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, ''रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।'' टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

## रजत पाटीदार ने की एडल गिलक्रिस्ट के इस 17 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आरसीबी को 17 साल के लंबे इंतजार के बाद रजत पाटीदार की कप्तानी में पिछले साल 2025 में पहली आईपीएल ट्रॉफी नसीब हुई। वहीं इस साल ही कप्तान रजत पाटीदार का बल्ला हल्ला बोल रहा है। यही कारण है कि आरसीबी कप्तान ने 17 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जो अभी तक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के नाम दर्ज था। इसके अलावा रजत पाटीदार ने अपनी ही टीम के पूर्व कप्तान और साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस को पछाड़ दिया है। रजत पाटीदार के बल्ले से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के 20वें लीग मैच में कोहराम देखने को मिला। रजत ने महज 17 गेंदों में अर्धशतक ठोका। आईपीएल 2026 में ये चौथा सबसे तेज अर्धशतक था। इसी के साथ आरसीबी कप्तान ने एडम गिलक्रिस्ट के 17 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। बता दें कि, एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में खेलते हुए डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद की तरफ से 17 गेंदों में 2009 में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।

रजत पाटीदार ने मुंबई के खिलाफ अब 17 गेंदों में ही 2026 में अर्धशतक ठोककर बराबरी कर ली है। जबकि फाफ डुप्लेसिस को पछाड़ दिया है जिन्होंने आरसीबी के लिए 2024 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

## कोलकाता नाइट राइडर्स की बॉलिंग को मिलेगी धार, फिटनेस टेस्ट पास कर लौट रहे मथीशा पथिराना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए थोड़ी राहत की खबर सामने आई है, जहां तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अब टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट का अनिवार्य फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें भारत आने की अनुमति भी मिल गई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, पथिराना अपनी चोट से काफी हद तक उबर चुके हैं और 17 अप्रैल को भारत पहुंचकर कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि गौरतलब है कि वह तुरंत चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और टीम के मेडिकल स्टाफ की अंतिम मंजूरी के बाद ही मैदान पर उतर पाएंगे।

बता दें कि कोलकाता टीम इस समय अंक तालिका में निचले स्थान पर चल रही है, जहां शुरूआती मुकाबलों में उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में पथिराना की वापसी टीम के लिए अहम मानी जा रही है। मौजूद जानकारी के अनुसार, टीम की गेंदबाजी इस सीजन में सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आई है।

कई प्रमुख गेंदबाज चोट के कारण बाहर हैं, जिससे टीम को संतुलन बनाने में परेशानी हो रही है। इसी वजह से बड़े स्कोर का बचाव करने में भी टीम नाकाम रही है।

गौरतलब है कि पथिराना को इस सीजन की नीलामी में बड़ी कीमत पर खरीदा गया था और उनसे काफी उम्मीदें भी जुड़ी हैं। लेकिन टी20 विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण वह शुरूआती मैचों से बाहर रहे हैं। बता दें कि श्रीलंका क्रिकेट की ओर से किसी भी खिलाड़ी को विदेशी लीग में खेलने से पहले फिटनेस परीक्षण पास करना जरूरी होता है। पथिराना ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसके बाद उन्हें अनुमति दी गई है।

हालांकि टीम प्रबंधन अब उनकी फिटनेस पर नजर रखेगा और पूरी तरह तैयार होने के बाद ही उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी वापसी से टीम की गेंदबाजी को मजबूती मिल सकती है और आने वाले मैचों में प्रदर्शन में सुधार देखने को मिल सकता है।

# जीत के लिए बेताब केकेआर पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगी सीएसके

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पावरप्ले में सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को एक और आयाम प्रदान किया। बल्लेबाजी की बात करें तो सैमसन सीएसके के लिए अपने पदार्पण सत्र में आखिर रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने पहले छह ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके अपना असली रंग दिखाया। सीएसके के लिए हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। वह संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे।





टूनार्मेंट की शुरूआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा। इसी तरह रिंकू सिंह मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब हैं और मंगलवार का दिन उनके लिए खास हो सकता है। रहाणे ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभाव छोड़ा है। रोवमैन पॉवेल और ग्रीन ने भी एलएसजी के खिलाफ कुछ रन बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। केकेआर को अगर सीएसके को उसके गढ़ में हराना है तो उसके गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसका असर परिणाम में देखने को मिल रहा है। टीम इस प्रकार हैं: सीएसके: रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी।

केकेआर: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, फिन एलन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, सार्थक रंजन, कार्तिक त्यागी, कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे, दक्ष कामरा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## राजीव गांधी स्टेडियम की पिच का हाल, गेंदबाज या बल्लेबाज किसे मिलेगी मदद



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज का आईपीएल मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बेहतरीन लय में चल रही रॉयल्स की टीम आज हैदराबाद को हराकर जीत का पंजा खोलना चाहेगी।

जबकि हैदराबाद की टीम जीत की लय में वापसी कर करना चाहेगी। एसआरएच ने 4 में से महज एक ही मैच जीता है। जबकि रॉयल्स अभी तक अजेय रही है। पिच रिपोर्ट: हैदराबाद का राजीव गांधी स्टेडियम आईपीएल में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाली जगहों में से एक है। इसलिए एसआरएच की उम्मीदों को इससे कोई फायदान नहीं होगा कि उनके गेंदबाज अभी ठीक से लय में नहीं आए हैं और उन्हें वैभव सूर्यवंशी और बाकी खिलाड़ियों का सामना करना पड़ रहा है। मैच पिच नंबर 3 पर खेला जाएगा। स्पिन 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा की रफ्तार से चल रही है, और पेस उससे थोड़ी कम है। हैदराबाद में अभी काफी गर्मी है जिससे तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा। हालांकि, ज्यादा 'मिडिटी के कारण ये उससे कहीं ज्यादा महसूस होगा।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अब तक 84 आईपीएल मैच खेले गए हैं। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 35 बार यानी 41.67% जीती है। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए टीम कुल 48 मैच जीती है जिसका प्रतिशत 57.14 है। टॉस जीतकर जीते गए मैचों की संख्या 32 यानी 38.10 प्रतिशत है। तो टॉस हारकर जीते गए मैच की संख्या 51 यानी 60.71 प्रतिशत है। बिना रिजल्ट वाले मैच 1 है तो हाईएस्ट स्कोर 286/6 तो लोएस्ट स्कोर 80 रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल इतिहास में भिड़ंत 21 बार हुई है, जिसमें 12 मैच जीतकर हैदराबाद ने बढ़त बनाई हुई है। वहीं राजस्थान रॉयल्स को इस दौरान 9 जीत मिली है।

## गायिका आशा भोसले को सचिन तेंदुलकर ने नम आखों से दी विदाई, वीडियो हो रहा वायरल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मशहूर गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल रविवार को मुंबई में 92 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। उनके जाने से पूरे देश में शोक की लहर है। वहीं पीएम मोदी से लेकर कई सेलिब्रिटी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वहीं आशा भोसले को उनके आवास पर अंतिम विदाई दी गई। क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी आशा भोसले को अंतिम विदाई देने उनके आवास पर पहुंचे। प्लेबैक क्वीन आशा भोसले के साथ गहरा पारिवारिक संबंध रखने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के दौरान बेहद भावुक दिखे।

इस दौरान सचिन के साथ उनकी पत्नी अंजली भी मौजूद रहीं। सचिन आशा भोसले को मां समान मानते थे। बता दें कि, सचिन तेंदुलकर और आशा भोसले के बीच गहरा सम्मान और पारिवारिक स्नेह का रिश्ता था। आखिरी बार आशा 5 मार्च 2026 को सचिन के घर बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी में गई थी। आशा भोसले अक्सर इंटरव्यू में कहती थीं कि सचिन की विनम्रता और मूल्यों ने उन्हें बहुत प्रभावित किया।

## चीन के शि यू क्यूई से फाइनल में हारे आयुष शेट्टी
### फिर भी बैडमिंटन एशिया में सिल्वर से रचा कीर्तिमान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बैडमिंटन एशिया प्रतियोगिता के फाइनल में भारतीय उम्मीदों को झटका लगा, जहां युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी खिताब जीतने से एक कदम दूर रह गए। उन्हें चीन के शीर्ष खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, मुकाबले में शी यू की ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और करीब 40 मिनट में 21-8, 21-10 से जीत दर्ज की है। गौरतलब है कि विश्व नंबर दो खिलाड़ी शी यू की ने इस जीत के साथ एशियाई खिताब अपने नाम किया और अपने शानदार करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है।

हालांकि हार के बावजूद आयुष शेट्टी का प्रदर्शन पूरे टूनार्मेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है। बता दें कि 20 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में कई बड़े उलटफेर करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 के करीब पहुंच सकते हैं। गौरतलब है कि आयुष शेट्टी 61 साल बाद पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय



खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में खिताब जीता था, जो अब तक इस स्पर्धा में भारत का एकमात्र पुरुष एकल स्वर्ण है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, आयुष ने इस प्रतियोगिता में कई दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर अपनी पहचान मजबूत की है। उन्होंने शुरूआती दौर में चीन के ली शी फेंग को हराया, जबकि क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में मात दी है। सेमीफाइनल में उन्होंने मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक कुनलावुत वितिदसर्न के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की, जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक मानी जा रही है।

बता दें कि इस पूरे टूनार्मेंट में आयुष ने तीन शीर्ष दस खिलाड़ियों को हराकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। हालांकि फाइनल में वह अपने प्रदर्शन को दोहराने में सफल नहीं हो सके, लेकिन उनका यह सफर भारतीय बैडमिंटन के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आयुष शेट्टी का यह प्रदर्शन आने वाले समय में भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है और लंबे समय से चले आ रहे स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने की उम्मीद भी जगा रहा है।

# क्रुणाल पांड्या का 'बाउंसर' वाला ब्रह्मास्त्र
## बोले- पहले से प्लान नहीं, बल्लेबाजों को करता हूं सरप्राइज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा कि वह बाउंसर करने के लिए पहले से योजना नहीं बनाते हैं, बल्कि बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने और उन पर हावी होने के लिए अपनी सहज भावना से इस गेंद का इस्तेमाल करते हैं। क्रुणाल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। आरसीबी ने इंडियन प्रीमियर लीग के इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 240 रन बनाए जिससे जवाब में मुंबई की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई। क्रुणाल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा ''मैंने कभी अलग-अलग और नई चीजें आजमाने से परहेज नहीं किया है क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के लागू होने से पहले नंबर छह या सात पर ऑलराउंडर होते थे और बल्लेबाजी का तरीका काफी अलग था। लेकिन अब नंबर आठ पर भी विशुद्ध बल्लेबाज आ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर कौशल की बात करें तो मुकुल (चौधरी) और वैभव (सूर्यवंशी) जैसे युवा खिलाड़ी



पहली ही गेंद से लगातार अच्छे शॉट लगा रहे हैं। एक गेंदबाज के तौर पर मैं कौशल और मानसिक रूप से भी उनसे एक कदम आगे रहना चाहता हूं।'' क्रुणाल ने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं अच्छी तरह से इसे अंजाम दे रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि इस प्रारूप में उंगलियों के स्पिनरों का महत्व बना रहेगा और वे इससे कुछ सीख लेकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। क्योंकि सपाट पिचों और आठ बल्लेबाजों की मौजूदगी में उंगलियों स्पिनरों के लिए टीम में जगह बनाना बहुत मुश्किल हो गया है।'' क्रुणाल ने कहा कि वह अपनी शॉर्ट पिच गेंद को लेकर बहुत ज्यादा तैयारी नहीं करते हैं और इसके लिए खास योजना भी नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपने मन की बात सुनता हूं। मैं पहले से यह योजना नहीं बनाता कि मुझे चौथी, पांचवीं या छठी गेंद बाउंसर करनी है। कई बार ऐसा होता है कि मैं लगातार दो बाउंसर फेंकता हूं और अचानक पहली और छठी गेंद भी बाउंसर कर देता हूं।'' क्रुणाल ने कहा, ''लोग अक्सर मेरी बाउंसर और उन गेंदों के बारे में बहुत बातें करते हैं जो देखने में काफी अलग लगती हैं। लेकिन मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी की बुनियादी बातों पर काम किया है।'' विराट कोहली टखने में दर्द के कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ फील्डिंग करने के लिए नहीं उतरे लेकिन क्रुणाल ने कहा कि वह ठीक हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मैंने अभी तक फिजियोथेरेपिस्ट से बात नहीं की है, लेकिन मुझे लगता है कि वह ठीक हो जाएंगे। मुझे लगता है कि चिंता की कोई बात नहीं है।'' इस बीच मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड ने स्वीकार किया कि लगातार तीसरी हार के बाद उनकी टीम को रणनीति पर नए सिरे से विचार करना होगा। रदरफोर्ड ने कहा, ''हम हमेशा पिछली हार से सीखते हैं। हमें नए सिरे से रणनीति बनानी होगी और छोटी-छोटी कमियों को दूर करने की कोशिश करनी होगी।

हमारी टीम अच्छी है। तीन हार से हम खराब टीम नहीं बन जाते।'' उन्होंने कहा, ''यह लंबी अवधि का टूनार्मेंट है और ऐसे टूनार्मेंट में शुरूआत कैसी होती है यह मायने नहीं रखता, बल्कि लय कैसे बनती है यह मायने रखता है। मुझे लगता है कि आगे चलकर यही हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण होगा।

## तीसरी हार से नाखुश कप्तान हार्दिक पंड्या
### मुबई इंडियंस के खिलाड़ियों को दिए दो ऑप्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 5 बार की आईपीएल चैंपियन रही मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का 19वां सीजन अभी तक निराशाजनक रहा है। टीम ने अभी तक तीसरी शिकस्त खाई है। रविवार को आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में भी मुंबई इंडियंस को 18 रन से हार झेलनी पड़ी। इस हार से मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी काफी निराश हैं।



वहीं मैच के बाद मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें कप्तान हार्दिक पंड्या टीम के साथियों को दो विकल्प दे रहे हैं। जिसमें कप्तान ने कहा कि या तो होटल के कमरे में जाकर अपने प्रदर्शन के बारे में सोचे या भी एकजुट होकर इसका सामना करें। बता दें कि, आरसीबी ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करके 240 रन बनाए। जिसके जवाब में मुंबई 222 रन ही बना पाई। मुंबई के लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने आरसीबी के गेंदबाजों का डटकर मुकाबला किया वह एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने ऐसा किया।

वीडियो में हार्दिक पंड्या कहते हैं कि, मेरे ख्याल से हमारे पास दो विकल्प हैं। पहला कि हम अपने कमरे में जाएं और सोचे कि कमियों को कैसे दूर करें। मुझे पता है कि हारना मुश्किल है लेकिन चलिए सीखते हैं। चलिए हम गायब नहीं होते हैं और सीखते हैं। खेल हमेशा जीतने और सीखने के बारे में होता है हारने के बारे में कभी नहीं। तो चलिए ऐसा करते हैं।

एक बार हम होटल लौटेंगे तो साथ में खाना खाएंगे। तब क्रिकेट की बात करेंगे या कुछ और बातें करेंगे, लेकिन हम अपनी कमियों का पता करेंगे। वहीं कप्तान हार्दिक पंड्या गेंदबाजी विभाग से खासे नाराज थे। उन्होंने स्वीकार किया कि जीत की राह पर लौटने के लिए बड़े बदलाव करने पड़ सकते हैं।

# जोस बटलर का बड़ा रिकॉर्ड
## 14 हजार रन और 100 अर्धशतक के साथ रचा इतिहास

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रविवार को लखनऊ में खेले गए मुकाबले में एक बार फिर बल्लेबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला, जहां जोस बटलर ने अपनी टी20 करियर की एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। गुजरात टीम की सात विकेट से जीत में बटलर ने न सिर्फ अहम भूमिका निभाई, बल्कि दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, बटलर ने इस मुकाबले में 60 रनों की पारी खेलते हुए टी20 क्रिकेट में अपने 14 हजार रन पूरे किए, साथ ही यह उनका 100वां अर्धशतक भी रहा है। इस उपलब्धि के साथ वह दुनिया के चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिसमें क्रिस गेल, डेविड वार्नर, किरोन पोलार्ड और एलेक्स हेल्स जैसे नाम शामिल हैं।

गौरतलब है कि 100 अर्धशतक पूरे करने के मामले में भी बटलर बेहद खास क्लब में पहुंच गए हैं। इस सूची में अब



उनके साथ केवल विराट कोहली और डेविड वार्नर जैसे बल्लेबाज ही शामिल हैं, जो टी20 में लगातार प्रदर्शन का बड़ा उदाहरण माना जाता है। मैच की बात करें तो लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरूआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन इसके बाद बटलर और कप्तान शुभमन गिल के बीच दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी ने मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल दिया। गिल ने 56 रनों की संयमित पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया है।

बता दें कि बटलर को इस पारी के दौरान एक जीवनदान भी मिला, जब ऋषभ पंत ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया और तेजी से रन बनाए। हालांकि बाद में मोहम्मद शमी की गेंद पर वह आउट हुए, जहां लंबी सीमा पर एडेन मार्करम ने कैच लपका। इससे पहले गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटके, जिससे विपक्षी टीम 164 रन तक ही सीमित रह गई। यही स्कोर बाद में गुजरात के लिए आसान लक्ष्य साबित हुआ है। अंत में टीम ने मुकाबला आराम से जीत लिया, लेकिन यह मैच खास तौर पर बटलर की ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए याद रखा जाएगा, जिन्होंने एक बार फिर टी20 क्रिकेट में अपनी निरंतरता और क्लास साबित की है।

## प्रीमियर लीग: मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी को रौंदा, आर्सेनल पर खिताब बचाने का बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी को 3-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूनार्मेंट में खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल छह अंक पीछे रह गया है। आर्सेनल के 32 मैच में 70 और मैनचेस्टर सिटी की 31 मैच में 64 अंक हैं। आर्सेनल शनिवार को बोर्नमाउथ से हार गया था जिसका फायदा मैनचेस्टर सिटी ने उठाया। स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली (51वें), मार्क गुएही (57वें) और जेरेमी डोकू (68वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल किए। एक अन्य मैच में संडरलैंड ने टोटेनहम को 1-0 से हराया।

यह टोटेनहम की इस सत्र में लीग में 16वीं हार है। वह पिछले 14 मैच में जीत हासिल नहीं कर पाया है। संडरलैंड की तरफ से नोर्डी मुकीले ने 61वें मिनट में मैच का निर्णायक गोल किया।

## मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले के दौरान विराट कोहली हुए चोटिल, आगे के मुकाबला खेल पाएंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले के दौरान विराट कोहली चोटिल हो गए। दरअसल, आईपीएल के 20वें मुकाबले में रन चेज के दौरान विराट की जगह जैकब बेथेल ने फील्डिंग की। वहीं मैच के बाद आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि, मुझे अभी नहीं पता लेकिन मुझे लगता है कि अब वह ठीक हैं।



आरसीबी ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 12 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को 18 रन से रौंधा। उस बीच विराट को स्टेडियम में ना देख सबको बड़ा झटका लगा। कमेंटेटर साइमंडूल ने बताया कि उन्हें टखने में चोट लग गई है। मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार और ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने भरोसा दिलाया कि कोहली ठीक हो जाएंगे। दोनों को चोट की गंभीरता के बारे में पक्की जानकारी नहीं थी।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि, मुझे अभी नहीं पता लेकिन मुझे लगता है कि वह अभी ठीक हैं। साथ ही क्रुणाल पंड्या ने कहा कि मैंने अभी फिजियो से बात नहीं की है लेकिन मुझे लगता है कि वह ठीक हो जाएंगे चिंता की कोई बात नहीं है। फिलहाल, विराट कोहली को चोट से उबरने में कुछ समय लग सकता है। वहीं अब आरसीबी का अगला मुकाबला 15 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शेयर बाजार में हाहाकार! जियोपॉलिटिकल क्राइसिस से सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम, सभी 30 शेयर लाल निशान में

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को शुरूआती कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान वार्ता की विफलता ने लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की आशंकाओं को बढ़ा दिया जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 1,613.09 अंक टूटकर 75,937.16 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 495 अंक फिसलकर 23,555.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर गिरावट में रहें। टाइटन, सन फार्मा, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल के शेयर सबसे अधिक टूटे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 7.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.2 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 1.20 प्रतिशत और निफ्टी 1.16 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ था।

### हफ्ते की खराब शुरूआत, सेंसेक्स 1600 अंक टूटा, डॉलर के आगे रुपया भी हुआ पस्त

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 49 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.32 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.30 पर खुला। शुरूआती कारोबार में और कमजोर होकर 93.32 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 49 पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को 32 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.83 पर बंद हुआ था।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.81 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में भारी गिरावट रही। सेंसेक्स 1600.73 अंक या 2.06 प्रतिशत टूटकर 75,949.52 अंक पर जबकि निफ्टी 468.85 अंक या 1.95 प्रतिशत फिसलकर 23,581.75 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 7.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.13 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### 'जनता उन्हें जवाब देगी जो गुजरातियों को मूर्ख समझते हैं', हर्ष संघवी का पलटवार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है और इसके साथ ही राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। वडोदरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर निगम चुनाव अभियान का आगाज करते हुए गृह राज्य मंत्री (उपमुख्यमंत्री स्तर के नेता) हर्ष संघवी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता का अपमान करने वालों को आने वाले चुनावों में करारा सबक मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ दिन पूर्व गुजरात के लोगों को ''अशिक्षित'' कहा था और दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें ''बेवकूफ'' बना रहे हैं। संघवी ने खरगे के इस बयान के एक सप्ताह के बाद यह बात कही है।

गुजरात में 34 जिला पंचायतों, 260 तालुका पंचायतों, 84 नगरपालिकाओं और 15 नगर निगमों (जिनमें अहमदाबाद, सूरत और वडोदरा शामिल हैं) के लिए चुनाव 26 अप्रैल को होंगे। मतगणना 28 अप्रैल को होगी। संघवी ने कहा, ''गुजरात से नफरत करने वाले और यहां के लोगों को मूर्ख समझने वालों को हर जिले में करारा जवाब दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता और भाजपा एक बड़ा परिवार है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात की जनता सामूहिक रूप से 2026 के स्थानीय निकाय चुनाव में नया इतिहास रचने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही है।

### महिला आरक्षण बिल पर जॉन ब्रिटास का सवाल, बोले- चुनाव से पहले सरकार की क्या है मंशा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के सांसद जॉन ब्रिटास ने केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए उठाए जा रहे त्वरित कदमों पर कई सवाल उठाए हैं। विधेयक को शामिल करने का समर्थन करते हुए ब्रिटास ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले सरकार के इस कदम के समय और उद्देश्यों पर सवाल उठाए। सोमवार को बोलते हुए ब्रिटास ने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखने के लिए धन्यवाद देते हैं। मुझे भी उनका पत्र मिला है। हम महिलाओं के अधिकारों के लिए हमेशा से आवाज उठाते रहे हैं। दशकों से हम राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण चाहते रहे हैं। लेकिन कुछ मुद्दे सामने आ गए हैं। 16 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा सत्रों में पारित होने वाले संशोधनों पर सरकार का वास्तविक रुख क्या है?

हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि विपक्षी दलों ने बार-बार सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया है और चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक विशेष सत्रों को स्थगित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दलों ने सरकार से औपचारिक रूप से अनुरोध किया था कि कृपया प्रस्ताव पर फिर से विचार करें और इस सत्र या विशेष सत्रों को विधानसभा सत्रों के समापन तक स्थगित कर दें, जो अभी चल रहे हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के बीच सरकार इन संशोधनों को जल्दबाजी में पारित कराना चाहती है। ब्रिटास ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की सीटों में 50% की वृद्धि करने का इरादा रखती है, जिससे संघीय संतुलन बिगड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि तथाकथित महिला आरक्षण के अलावा, सरकार परिसीमन को भी इसमें शामिल करना चाहती है। सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या में 50% की वृद्धि करने का इरादा रखती है।

### डीएमके सांसद कनिमोझी की अपील, 'द्रविड़ियन मॉडल' के लिए हमें चुनें, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने पार्टी उम्मीदवार सुब्रमणियन के समर्थन में तिरुनेलवेली निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार किया और मतदाताओं से "उगते सूरज" के चिन्ह का समर्थन करने और वर्तमान सरकार के विकास एजेंडे को जारी रखने का आग्रह किया। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कनिमोझी ने अपने भाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने अपने कई प्रमुख चुनावी वादे पूरे किए हैं।

# कश्मीर में शिक्षा के नाम पर चल रही थी बड़ी साजिश!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कश्मीर में शिक्षा के नाम पर चल रहे संदिग्ध गठजोड़ पर आखिरकार बड़ी चोट पड़ी है। श्रीनगर से आई ताजा खबर ने न केवल अकादमिक जगत को झकझोर दिया है बल्कि सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता और विश्वविद्यालयों की सतर्कता को भी साफ तौर पर उजागर कर दिया है। हम आपको बता दें कि कश्मीर के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों ने अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन के साथ अपने शैक्षणिक समझौते को अचानक समाप्त कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब खुफिया एजेंसियों की ओर से इस संगठन की गतिविधियों पर गंभीर सवाल खड़े किए गए थे। कश्मीर विश्वविद्यालय, इस्लामिक यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी (IUST) और शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलाजी (SKUAST-K) ने एक साथ मिलकर यह बड़ा कदम उठाया। इन तीनों संस्थानों ने अमेरिका के अटलांटा स्थित कश्मीर केयर फाउंडेशन के साथ किए गए समझौते को खत्म करने का आदेश जारी कर दिया। कश्मीर विश्वविद्यालय और एसकेयूएएसटी ने पच्चीस मार्च को यह निर्णय लिया, जबकि आईयूएसटी ने अगले ही दिन इस समझौते को रद्द कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि शिक्षा और अनुसंधान के नाम पर किया गया यह समझौता अचानक संस्थानों के हितों के खिलाफ नजर आने लगा? विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस समझौते का उद्देश्य विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित और मानविकी जैसे क्षेत्रों में कार्यशालाओं, सेमिनार और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। लेकिन अंदरूनी

## खुफिया रिपोर्ट के बाद तीन विश्वविद्यालयों ने लिया बड़ा एक्शन



समीक्षा और खुफिया रिपोर्ट्स के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। कश्मीर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नसीर इकबाल ने साफ शब्दों में कहा कि सक्षम प्राधिकरण द्वारा समीक्षा के बाद यह तय किया गया कि इस समझौते को जारी रखना विश्वविद्यालय के व्यापक हित में नहीं है। यह बयान अपने आप में बहुत कुछ कह देता है। हालांकि प्रशासन ने खुलकर उन कारणों का खुलासा नहीं किया, लेकिन सूत्रों के मुताबिक खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में कुछ ऐसी गतिविधियों का जिक्र था जो संवेदनशील मानी जा सकती थीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे समझौते के दौरान न तो किसी प्रकार का धन का लेनदेन हुआ और न ही कोई वित्तीय देनदारी बनी। इसका मतलब साफ है कि मामला केवल पैसे का नहीं बल्कि कहीं अधिक गंभीर पहलुओं से जुड़ा हुआ है, जैसे डेटा साझा करना, शोध की दिशा और विदेशी प्रभाव। कश्मीर के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा उठाया गया यह कदम एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अब विदेशी संस्थाओं के साथ सहयोग को लेकर पहले से कहीं ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां तकनीक, अनुसंधान और डेटा जैसे संवेदनशील विषय शामिल हों। हम आपको बता दें कि इस पूरे मामले में कश्मीर केयर फाउंडेशन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह संगठन अमेरिका में रहने वाले एक कश्मीरी मूल के व्यक्ति अल्ताफ केएल लाल द्वारा संचालित बताया जाता है। भले ही संगठन का दावा शिक्षा को बढ़ावा देने का हो, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की नजर में इसके कुछ पहलू संदिग्ध पाए गए। बहरहाल, यह घटना केवल एक समझौते के खत्म होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि शिक्षा के नाम पर होने वाले हर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की गहराई से जांच जरूरी है। कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में तो यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अब सवाल यह है कि क्या अन्य संस्थान भी ऐसे समझौतों की समीक्षा करेंगे? क्या यह कदम एक बड़े अभियान की शुरूआत है।

फिलहाल इतना तय है कि कश्मीर में शिक्षा और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक सख्त और निर्णायक कदम उठाया जा चुका है।

# ट्रम्प वायरल पोस्ट: पहले की ईसा मसीह से तुलना।

## अब खुद को गॉड मानने भी लगे ट्रंप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर अपनी एक कृत्रिम छवि साझा की है जिसमें वे यीशु मसीह की तरह दिखते हैं। वस्त्रों में लिपटे, दिव्य प्रकाश से घिरे और एक व्यक्ति को ठीक करते हुए दिखाई दे रहे ट्रम्प के चारों ओर देवदूतों या सैनिकों जैसी आकृतियों वाले समर्थक हैं। तस्वीर में लड़ाकू विमान आकाश में उड़ते हुए निशान छोड़ते हैं, जबकि आतिशबाजी सैन्य शक्ति और उत्सव का संकेत देती है। दूर से स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी दिखाई दे रही है, जो अमेरिकी पहचान को और अधिक बल देती है। यह पोस्ट ट्रम्प द्वारा पोप लियो IV की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने और उन्हें कमजोर कहने के कुछ ही समय बाद आई है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि वे पोप लियो XIV के प्रशंसक नहीं हैं। मैरीलैंड के जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं पोप लियो का प्रशंसक नहीं हूं। वे बहुत उदारवादी व्यक्ति हैं और अपराध रोकने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने पोप पर परमाणु हथियार चाहने वाले देश के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रंप ने पोप लियो IV की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें अपराध के मामले में कमजोर और विदेश नीति के मामले में "बेहद खराब" बताया। ट्रंप ने पोप पर राजनीतिक वामपंथियों के साथ गठबंधन करने, ईरान और वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध करने और उनके राष्ट्रपति पद को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पोप को इसलिए चुना गया क्योंकि वह अमेरिकी हैं और सुझाव दिया कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद के बिना वह पोप नहीं बन पाते। ट्रंप ने पोप के भाई के प्रति अपनी पसंद जाहिर की और लियो से राजनीति के बजाय धर्म पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। अपना स्पष्ट विरोध जताते हुए ट्रंप ने लिखा,मैं ऐसा पोप नहीं चाहता जो यह सोचता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मैं ऐसा पोप नहीं चाहता जो यह सोचता हो कि अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमला करना बेहद बुरा है। मैं ऐसा पोप नहीं चाहता जो संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति की आलोचना करता हो क्योंकि मैं वही कर रहा हूँ जिसके लिए मुझे चुना गया है। उन्होंने आगे कहा कि अगर मैं व्हाइट हाउस में नहीं होता, तो लियो वेटिकन में नहीं होते। इससे ट्रंप ने पाम संडे का जिक्र करते हुए कहा कि उस दिन यीशु मसीह का स्वागत लोगों ने राजा के रूप में किया था। इसके बाद ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा, अब लोग मुझे भी किंग कहते हैं, क्या आप यकीन कर सकते हैं?

### होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ा, फ्रांस-यूके लीड करेंगे मल्टीनेशनल मिशन, मैक्रों का ऐलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को घोषणा की कि फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम संयुक्त रूप से एक बहुराष्ट्रीय पहल का नेतृत्व करेंगे जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच रणनीतिक जलमार्ग होर्मुज पर वस्तुतः नियंत्रण को लेकर बनी अनिश्चितताओं के बीच इस जलमार्ग में निर्बाध और सुरक्षित नौवहन बहाल करना है। एक्स पर एक पोस्ट में मैक्रों ने कहा कि यह कदम मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव को कम करने और दीर्घकालिक क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के व्यापक राजनयिक प्रयासों का हिस्सा है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मिशन पूरी तरह से रक्षात्मक होगा और चल रही शत्रुता में शामिल किसी भी पक्ष से अलग होगा।



मैक्रॉन ने कहा कि फ्रांस और यूके आने वाले दिनों में उन देशों के साथ एक सम्मेलन आयोजित करेंगे जो इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से समुद्री यातायात की सुरक्षा के लिए एक शांतिपूर्ण बहुराष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के इच्छुक हैं, जो वैश्विक ऊर्जा शिपमेंट के लिए महत्वपूर्ण है। होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में हम आने वाले दिनों में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक सम्मेलन आयोजित करेंगे, जिसमें उन देशों को शामिल किया जाएगा जो जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के उद्देश्य से एक शांतिपूर्ण बहुराष्ट्रीय मिशन में हमारे साथ योगदान देने के लिए तैयार हैं।

## पवन खेड़ा की बढ़ती मुश्किलें, ट्रांजिट बेल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम सरकार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** असम सरकार ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसमें कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अस्थायी जमानत दी गई थी। राज्य सरकार ने इस फैसले को पलटने की अपील दायर की है, जिसके तहत उन्हें एक सप्ताह की पारगमन अग्रिम जमानत दी गई थी। यह अंतरिम सुरक्षा असम में दर्ज एक मामले के संबंध में दी गई थी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी शर्मा के खिलाफ खेड़ा द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणियों से संबंधित है। खेड़ा ने कथित तौर पर उन पर कई विदेशी पासपोर्ट रखने और विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था।

तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को एक सप्ताह की अवधि के लिए गिरफ्तारी से सीमित सुरक्षा प्रदान की थी। हालांकि, असम सरकार ने इस राहत का विरोध करते हुए मामले में पारगमन अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध किया है। खबरों के मुताबिक, राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मामले की तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया है। उसने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के समक्ष बुधवार को ही सुनवाई का अनुरोध किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री शर्मा के परिवार के बारे में टिप्पणी करने के बाद असम में अपने खिलाफ दर्ज मामले के बाद गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। 5 अप्रैल को, खेड़ा ने रिनिकी भुयान शर्मा पर कई पासपोर्ट रखने और विदेशों में संपत्ति होने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि ये विवरण 9 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के चुनावी हलफनामे में नहीं बताए गए थे।

इन आरोपों के बाद, गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में खेरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत आरोप शामिल हैं, जैसे कि चुनाव के संबंध में झूठे बयान देने के लिए धारा 175 और धोखाधड़ी से संबंधित धारा 318। गिरफ्तारी की आशंकाओं के बीच, खेरा ने 7 अप्रैल को अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

## हजीना सैयद ने केसी वेणुगोपाल और अलका लांबा पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर कांग्रेस पार्टी में भूचाल ला दिया है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं, और अब एक ताजा मामला तमिलनाडु से सामने आया है जिसने पार्टी के भीतर चल रहे टकराव को खुलकर उजागर कर दिया है। इस बार विवाद के केंद्र में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और तमिलनाडु महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हजीना सैयद आमने सामने हैं, जिनके बीच आरोप प्रत्यारोप ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। पूरा विवाद दस अप्रैल को उस समय शुरू हुआ जब अलका लांबा की ओर से हजीना सैयद को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने का आदेश जारी किया गया। पत्र में हजीना सैयद पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया और इसे संगठन की अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम बताया गया। लेकिन इस कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद घटनाक्रम ने नाटकीय मोड़ ले लिया। हजीना सैयद ने सामने आकर दावा किया कि वह पहले ही उसी दिन दोपहर एक बजे एक प्रेस वार्ता में अपने पद से इस्तीफा दे चुकी थीं। ऐसे में निष्कासन का आदेश न केवल अनावश्यक बल्कि अपमानजनक भी है। सैयद ने इसके बाद जिस तीखे अंदाज में प्रतिक्रिया दी, उसने विवाद को और गहरा कर दिया। उन्होंने अलका लांबा पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि महिला कांग्रेस के भीतर उन्हें लगातार प्रताड़ित किया गया। उन्होंने दावा किया कि



सदस्यता के नाम पर धन की वसूली होती है और पदाधिकारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। अपने आरोपों को मजबूत करने के लिए सैयद ने दस्तावेज भी साझा किए, जिनमें एक ईमेल शामिल है। इस ईमेल में उन्होंने अलका लांबा पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और व्यक्तिगत आचरण से जुड़े आरोप लगाए। उन्होंने सवाल उठाया कि सदस्यता से मिलने वाले धन का उपयोग कैसे हो रहा है और क्या संगठन के खातों का सही तरीके से लेखा परीक्षण होता है? इसी ईमेल में सैयद ने एक और विवादास्पद आरोप लगाते हुए केसी वेणुगोपाल का भी उल्लेख किया। उन्होंने अलका लांबा पर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए दावा किया कि वेणुगोपाल उनके 'मित्र' हैं और इस तरह के संबंधों के आधार पर संगठन में प्रभाव का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह आरोप सामने आते ही विवाद और अधिक संवेदनशील हो गया, क्योंकि इससे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की छवि पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इसके साथ ही सैयद ने चेतावनी दी कि उनके पास कानूनी प्रमाण मौजूद हैं और वह अवैध वित्तीय लेनदेन तथा सदस्यता से जुड़े कथित घोटाले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे की मुख्य वजह लगातार होने वाला उत्पीड़न और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचना है। अपने इस्तीफा पत्र में उन्होंने लिखा कि जब स्वयं उन्हें ही न्याय नहीं मिल पा रहा है तो वह अपने पद पर रहते हुए अन्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकती हैं? उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। सैयद ने तमिलनाडु कांग्रेस के भीतर कथित भ्रष्ट व्यवस्था की भी आलोचना की और कहा कि इस कारण पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता निराश हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके विधानसभा चुनाव का टिकट पक्षपातपूर्ण तरीके से काट दिया गया, जो आंतरिक राजनीति का परिणाम था। वहीं अलका लांबा ने सैयद के आरोपों पर कहा है कि हर किसी को टिकट नहीं दिया जा सकता और टिकट नहीं मिलने पर इस तरह के आरोप लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सैयद आरोप लगाने के लिए इतने निचले स्तर तक चली गईं।

देखा जाये तो इस पूरे विवाद ने कांग्रेस के भीतर नेतृत्व, पारदर्शिता और आंतरिक संवाद को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अलका लांबा और हजीना सैयद के बीच यह टकराव अब केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठनात्मक संकट का संकेत भी देता है।

# ईरान तो बहाना, असल निशाना चीन

## यूएस के होर्मुज नाकाबंदी से महायुद्ध का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ एक बेहद सख्त कदम उठाते हुए हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने का आदेश दिया है। अमेरिकी सेना ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप के निदेर्शानुसार हॉर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी शुरू कर रही है। यह आदेश सोमवार सुबह 10 बजे यानी भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से लागू हो गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्पष्ट किया है कि यह पाबंदी केवल उन जहाजों पर लागू होगी जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर निकल रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और सऊदी अरब जैसे अमेरिकी सहयोगी देशों के व्यापारिक जहाजों को इस नाकेबंदी से कोई खतरा नहीं होगा। वे हमेशा की तरह इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। सेना ने चेतावनी दी है कि यह घेराबंदी सभी देशों के जहाजों पर निष्पक्ष रूप से लागू होगी—यदि वे ईरानी तटों की ओर जा रहे हैं, तो उन्हें रोका जाएगा। हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का सबसे




महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का एक-तिहाई हिस्सा गुजरता है। राष्ट्रपति ट्रंप का यह फैसला ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव को एक नए और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। हमारी सेना गैर-ईरानी बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं डालेगी, लेकिन ईरानी समुद्री सीमाओं की ओर जाने वाले हर जहाज को सघन जांच और प्रतिबंधों का सामना करना होगा। फिर भी, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नौसैनिक नाकाबंदी लागू करने के फैसले को न केवल ईरान के खिलाफ एक आक्रामक कदम के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि इसे चीन के खिलाफ अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की घोषणा के बेहद करीब पहुंचने वाले कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। चीन ईरानी कच्चे तेल का प्रमुख उपभोक्ता है और उस अवैध व्यापार में सबसे बड़ा हिस्सेदार है जिसे नाकाबंदी के माध्यम से रोकने का लक्ष्य है। इसका कारण यह है कि, रूस की तरह, ट्रम्प का मानना है कि तेल राजस्व ही ईरान को आर्थिक रूप से सहारा दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत, कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, नाकाबंदी को व्यापक रूप से युद्ध का कार्य माना जाता है। यह सिद्धांत पारंपरिक समुद्री कानून से जुड़ा है और विभिन्न कानूनी व्याख्याओं में संहिताबद्ध किया गया है जब कोई राज्य किसी अन्य राज्य के बंदरगाहों में जहाजों के प्रवेश या निकास को रोकने के लिए बल का प्रयोग करता है, तो इसे युद्ध जैसी गतिविधि में शामिल माना जाता है। क्यूबा संकट के दौरान, वाशिंगटन ने सोवियत संघ पर युद्ध की घोषणा के कानूनी निहितार्थ से बचने के लिए जानबूझकर अपनी नाकाबंदी को क्वारंटाइन कहा था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने चीन को परोक्ष रूप से निशाना बनाते हुए ऐसी औपचारिकताओं को दरकिनार कर दिया है। इस स्थिति को और भी गंभीर बनाने वाली बात यह है कि चीन ईरान के तेल पर अत्यधिक निर्भर है, क्योंकि ईरान के तेल निर्यात का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा चीन का है, जो प्रतिबंधों से बचने के जटिल नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1.5 से 1.6 मिलियन बैरल तेल आयात करता है।

### इस्लामाबाद में 21 घंटे चली अमेरिका-ईरान वार्ता फेल, ट्रंप बोले- मेरी धमकी से आए थे, फिर लौटेंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि 'सभ्यता को खत्म करने' की धमकी देने के बाद ईरान वार्ता की मेज पर आया, जो फिलहाल असफल हो गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश फिर बातचीत की मेज पर लौटेंगे। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के कार्यक्रम 'संडे फ्यूचर्स' में कहा, ''मैं आपको बता दूं, उस बयान ने उन्हें बातचीत की मेज पर ला खड़ा किया, और अब वे बातचीत की मेज से उठ चुके हैं। मेरा अनुमान है कि वे वापस आएंगे और हमें वह सब कुछ दे देंगे जो हम चाहते हैं।''

ट्रंप ने सात अप्रैल को धमकी दी थी कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए नहीं खोला अमेरिकी सेना ईरान की' पूरी सभ्यता' को नष्ट कर देगी , जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल व्यापार होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में कहा था, ''आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी



वापस नहीं लाया जा सकेगा।'' उनकी इस धमकी की पूरी दुनिया में निंदा हुई थी। ट्रंप ने रविवार को अपनी टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश करते हुए कहा कि ईरान लगभग हर दूसरे दिन 'डेथ टू अमेरिका' (अमेरिका मुदार्बाद) के नारे लगाता रहा है। उन्होंने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा,''जब मैं किसी सभ्यता की बात करता हूं, तो वह सचमुच बदल गई है। सचमुच बदल गई है। लेकिन जरा सोचिए, उन्हें यह कहने की इजाजत है कि 'अमेरिका मुदार्बाद, इसका नाश हो, सबका नाश हो।' आप जानते हैं, मैं एक बयान देता हूं, वे कहते हैं,अरे, ऐसा भयानक बयान क्यों?'' अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को इस्लामाबाद में ईरानी वातार्कारों के साथ शांति वार्ता की।

स्वामी, प्रकाशक, संपादक और मुद्रक राजेश कुमार रंजन के द्वारा आमीन प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट न0.193, डॉक्टर्स कॉलोनी, रोड न0. 7, पोस्ट अगमकुंआ, छोटी पहाड़ी, पटना बिहार-800007 से मुद्रित एवं ग्राम पिपराही, पोस्ट दिनापट्टी, सुपौल बिहार-852218 से प्रकाशित-प्रसारित, फोन- 8051344056, 9471220794